तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 6 जून 2025

रानीतराई, असोगा, खर्रा, जरवाय में खुलेआम छलक रही शराब, नहीं हो रही कार्रवाई 13



सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशानः साहू 13





## बकरीद पर बकरों का बाजार... 21 हजार से 1 लाख कीमत में बिक रहे, आज रहेगी सबसे ज्यादा भीड़



जमना पारी– कीमत 30 हजार





सुजाता–कीमत 51 हजार

**भिलाई।** ईद उल अजहा यानी बकरीद पर कुर्बानी के लिए बीते चार-पांच दिनों से स्लाटर हाउस सुपेला थाना पीछे पशु व्यापारियों और खरीददारों का बाजार सजा हुआ है। हर दिन यहां भीड़ जुट रही है। 7 को बकरीद है, इसे लेकर बकरों को बेचने के लिए नागपुर, भोपाल, राजस्थान, यूपी, बिहार से व्यापारी पहुंचे हुए हैं। पशु व्यापारी मेटाडोर और अन्य साधनों से बकरे लेकर वहां पहुंच रहे हैं। बाजार में सर्वाधिक मांग 20 से 50 हजार रुपए वाले बकरों की है। बीते चार-पांच दिन में 5 से 7 हजार बकरे बिक चुके हैं। इसी प्रकार ताकियापारा दुर्ग, भिलाई-तीन में बकरों का बाजार सजा हुआ है, लेकिन सुपेला का बाजार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गुरुवार को एक बकरे की कीमत 51 हजार रुपए अधिकतम गई। जानकारी के अनुसार पशु व्यापारी बकरे का वजन बढ़ने बेसन का घोल पिलाते हैं और हरी-हरी पत्ती खिलाते हैं। ताकि बकरा तंदरुस्त दिखे। इस वर्ष 7 जून को ईद उल अजहा है। कुर्बानी 7, 8 व 9 जून को होगी। पशु कारोबारी एमडी तनवीर ने बताया कि कुर्बानी के लिए सर्वाधिक डिमांड जमनापारी की है। उनके पास 90 किलो वजन का बकरा है, जिसकी कीमत 51 हजार है। इसी प्रकार सुजाता नस्ल का एक बकरा जिसका वजन करीब 100 किलो है, वह 1 लाख में बिकने को आया है। बाजार में सुजाता, क्रॉसबीड, देशी बकरे आए हैं। मुख्य रूप से राजस्थान के अजमेर, कोटा जैसे जगहों से बकरे आए हैं। महाराष्ट्र, यूपी, एमपी, बिहार से भी बकरे आए हैं। (फोटो : संजय पांडेय)

### खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में 3 साल से फरार आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** चोरी के एक मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी खेदामारा निवासी महेंद्र सोनवानी को जामुल पुलिस ने पकड़ा। इसके विरुद्ध कृष्णा नारंग की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज था। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक कृष्णा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 28 जून 2023 को रात करीबन 1:30 बजे घर का दरवाजा कोई खटखटा रहा था। उठकर देखने पर घर के अंदर पड़ोस का रहने वाला महेन्द्र छिपा हुआ था। प्रार्थी को देखकर दरवाजा खोलकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के बाद लगातार खोजबीन की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया।

### शराब तस्करी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** पाटन पुलिस ने फुंडा की एक बाड़ी में मिली लाखों की शराब मामले में फरार चल रहे आरोपी शत्रुहन उर्फ सालिक पिता सुकुलाल साहू को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर घटना स्थल से मध्यप्रदेश निर्मित 500 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब जब्त की थी। मामले में 3 वाहन, 9 नग मोबाइल, प्लास्टिक शीट भी जब्त किया गया था। सारे सामान की कीमत 4ण्28 लाख रुपए आंकी गई थी। मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। शत्रुहन साहू फरार चल रहा था।

### टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में प्रवेश 10 तक

**दुर्ग।** ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत चांपा में संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमस्टर एवं लेक्चरल एन्ट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना एवं आयु सीमा 15 से 23 वर्ष, अनुसचित जनजाति, अनुसूचित जाति अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु गणित, भौतिकी एवं रसायन विषय सहित 12वीं की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में अतिरिक्त विषय सहित 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के साथ 02 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र रहेंगे।

### व्यवस्था सुधार की कोशिश: 641 शालाओं में 349 स्कूलों का समायोजन

# युक्तियुक्तकरणः आठ स्कूल समायोजित पहले संख्या थी 1105 अब हो गई 1097

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। युक्तियुक्तकरण के तहत जिले में केवल आठ स्कूलों को समायोजित किया गया है। इससे जिले में इस प्रक्रिया के तहत जिले की 1105 शालाओं में से 1097 शालाएं हो गई है। वहीं 641 शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया गया है, जिसमें 349 शालाओं का समायोजन कर उन्हें पास की बेहतर शालाओं में शामिल किया गया है।*

### जानिए समायोजन के बाद स्कूलों की संख्या

अलग खबर

समायोजन की प्रक्रिया में जिले की 269 प्राथमिक शालाएं मर्ज होने के बाद अब कुल 5 प्राथमिक शालाएं बचीं हैं। इसी प्रकार 286 पूर्व माध्यमिक शालाएं मर्ज होकर 200 रह गईं। 27 हाईस्कूल मर्ज होकर अब 21 हाईस्कूल संचालित होंगे, वहीं 59 हायर सेकेण्डरी स्कूलों के समायोजन के बाद अब 36 स्कूल रह गए हैं।

### 113 छात्रों पर 11 शिक्षक

दुर्ग जिले के शहरी क्षेत्रों के विद्यालय यथा शासकीय प्राथमिक शाला कैम्प 1 भिलाई में 225 छात्रों पर 17 शिक्षक एवं शास. नेहरू प्राथ. शाला दुर्ग में 113 छात्रों पर 11 शिक्षक कार्यरत हैं जो कि छात्र शिक्षक अनुपात में काफी ज्यादा है वहीं दूसरी ओर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के कई विद्यालय ऐसे हैं, जो शिक्षक विहीन और एकल शिक्षकीय है।

### एक ही परिसर में स्थित विद्यालयों को समाहित कर जिले में क्लस्टर मॉडल पर किया गया फोकस

### 376 शिक्षक हुए काउंसलिंग में शामिल

जिले में 637 शिक्षक अतिशेष की श्रेणी में आए हैं, जिनमें प्राथमिक स्कूलों से प्रधान पाठक 8 और सहायक शिक्षक 209, पूर्व माध्यमिक स्कूलों से प्रधान पाठक 2 और शिक्षक 330 तथा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों से व्याख्याता 88 शामिल हैं। इनमें से 376 शिक्षकों को काउंसलिंग हेतु बुलाया गया था, जिसमें 366 शिक्षक उपस्थित रहे और उन्हें रिक्त पदों पर पदस्थापित कर दिया गया है। शेष 5 शिक्षक अनुपस्थित या अपात्र रहे। कुल 368 रिक्त पद चिन्हांकित किए गए हैं, जिनमें से 265 अतिशेष शिक्षक तथा 11 व्याख्याता (गणित, वाणिज्य और व्यावसायिक शिक्षा के) संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग दुर्ग को प्रेषित किए गए हैं। कुछ शिक्षकों को निलंबन अथवा संबंधित विषय में पद रिक्त न होने के कारण काउंसलिंग में शामिल नहीं हुए।

### क्लस्टर मॉडल कर रहे विकसित

युक्तियुक्तकरण के संबंध में पूरी जानकारी कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रेसवार्ता में दी। उन्होने बताया कि राज्य में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और समावेशी बनाने के लिए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में छात्रों की तुलना अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, और कही छात्र अधिक हैं वहां शिक्षकों की कमी है, जिसके चलते शैक्षिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को सुधारने के उद्देश्य ही प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण का कदम उठाया गया है। इससे जिन शालाओं में शिक्षक की जरूरत है, वहां शिक्षक उपलब्ध होंगे।

### ये हैं क्लस्टर मॉडल

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक ही परिसर में स्थित शालाओं को समाहित कर क्लस्टर मॉडल विकसित किया जा रहा है। इस मॉडल से न केवल तीन बार की प्रवेश प्रक्रिया से करीब 90 प्रतिशत बच्चों को मुक्ति मिलेगी, बल्कि बच्चों की पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी और ड्रॉपआउट दर में भी कमी आएगी। जिला शिक्षा विभाग ने बिगड़ी व्यवस्था सुधारने के लिए ये कवायद की है। शिक्षकों को जल्द ही अपनी नई जगह पर प्रभार लेना है।

### गणित, रसायन, भौतिकी व जीवविज्ञान के विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे

कलेक्टर सिंह ने बताया कि ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में गणित, रसायन, भौतिकी और जीव विज्ञान जैसे विषयों के विषय-विशेषज्ञ उपलब्ध होंगे। बच्चों को अच्छी शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। कुल मिलाकर युक्तियुक्तकरण के माध्यम से छात्र-शिक्षक अनुपात स्कूलों में संतुलित हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों और शालाओं का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। जिले में विद्यार्थियों की पढ़ाई को बाधित होने से बचाने और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से प्रयास कर रहे हैं। जहां छात्रों की संख्या अत्यंत कम है और नजदीक में बेहतर सुविधाओं वाली शालाएं उपलब्ध हैं।

### फेसबुक पर कांग्रेस नेता ने किया था पोस्ट

## अभद्र टिप्पणी करने वाले बृजमोहन को जमानत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्विजेंद्र नाथ ठाकुर की अदालत में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध भिलाई के कांग्रेस नेता और साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई करने के बाद जमानत याचिका खारिज कर दी है। न्यायालीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वैशाली नगर पुलिस ने पूर्व साडा उपाध्यक्ष व कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 353 (1) (बी), 353 (1) (सी) और धारा 353 (2) और आईटी एक्ट की धारा के तहत पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद बृजमोहन को बुधवार को दुर्ग कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया था। अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि आरोपी ने आरोपी पर पहली बार इस तरह का आरोप लगा है। इन धाराओं में तीन वर्ष कारावास और 50 हजार रुपए अर्थदंड का प्रावधान है। इसलिए उसे हिरासत में रखा जाना सही नहीं है। जमानत आवेदन पर सौरभ चटर्जी की ओर से अधिवक्ता गौरी चक्रवर्ती ने आपत्ति दर्ज कराई। गौरी चक्रवर्ती ने आपत्ति पर लिखा कि प्रधानमंत्री संवैधानिक पद है। इस पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ टिप्पणी करना पद की गरिमा के अनुरुप ठीक नहीं है। बल्कि सामाजिक सौहार्द्र लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय भावनाओं को भी आघात पहुंचाता है। आरोपी के उक्त कृत्य को न्याय व्यवस्था में गंभीरता से देखा जाना ही उचित होगा। अधिवक्ता ने बताया कि आरोपी पुलिस विवेचना में भी सहयोग नहीं कर रहा है। यह बात पुलिस डायरी में भी अंकित है। अभी विवेचना भी अपूर्ण है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने माना कि किसी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे अभद्र अशोभनीय टिप्पणी किया जाना बेहद गंभीर है।

### गलत आरोप लगाने वाले पर हो एफआईआर

**दुर्ग।** वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन पर अपनी आलोचना के लिए सोशल मीडिया में पोस्ट डालने के लिए एक व्यक्ति को किराए पर रखने और उसे भुगतान नहीं करने के मामले में भाजपा ने पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच कर अपराध दर्ज करने की मांग की है। भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। शिकायत में कहा गया कि युवक अली हुसैन सिद्धिकी पर अपराध पंजीबद्ध किया जाए। उसने अनर्गल और झूठे आरोप वैशालीनगर विधायक पर लगाए हैं। ऐसा कोई भी नियुक्ति नहीं की गई थी।

## बस्तर में खपाने एमपी से लाई 2 लाख की शराब एप्पी फ्रीज के बॉक्स का किया जा रहा था उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत स्मृतिनगर क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों के चलते पुलिस ने मनोहर चाय के बाजू में मेन रोड पर एक किराए के मकान में दबिश दी। जहां से पुलिस ने 48 पेटी अवैध शराब जब्त की है। शराब की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को लांजी मध्यप्रदेश एवं दूसरे को बस्तर से गिरफ्तार किया है। आरोपी एमपी से शराब की तस्करी कर बस्तर में खपाने के फिराक में थे। आरोपियों से मध्य प्रदेश में बनी 48 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। साथ में एक इनोवा कार, एक कार टोएटा एवं 2 मोबाइल जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सबसे पहले शौर्य सिंह को पकड़कर पूछताछ की गई। इसके




बाद इनोवा कार सीजी 07 एएक्स 8919, एक टोएटा डीएल 7सीजी 6675 में कुल 46 पेटी गोवा शराब मिली। पूछताछ में पता चला कि शराब लोहाण्डीगुड़ा बस्तर ले जाने की तैयारी थी। एप्पी फ्रीज के बॉक्स में शराब को रखा गया था। पुलिस ने शौर्य सिंह की निशानदेही पर लांजी से रामनिवास राव और कोण्डागांव तुलसी सेठिया को पकड़ा। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया।

## ऑपरेशर सुरक्षा : ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले 285 पर कार्रवाई, 8 नशे की हालत में चला रहे थे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ट्रैफिक पुलिस इन दिनों ऑपरेशन सुरक्षा चला रही है। इसके अंतर्गत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित रूप से सर्चिंग की जा रही है। गुरुवार को अभियान चलाकर ट्रैफिक रूल्स तोड़ने वाले 285 वाहनों चालकों पर कार्रवाई की गई। उनसे जुर्माना वसूला किया गया।मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई। कुछ वाहन चालको के लाइसेंस भी निलंबित किए गए। अभियान मुख्य रूप से चौक-चौराहो की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करने, सडको से अतिक्रमण हटाने, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत दो पहिया



वाहन में तीन सवारी, मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग, बिना नंबर एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की गई। ब्रीथ एनेलाइजर मशीन से नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की जांच की गई। 8 चालकों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां चालकों पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। मॉडिफाइ साइलेंसर का उपयोग करने वालों से 5-5 हजार रुपए वसूला गया।

### भिलाई नगर निगम आयुक्त की पीएम आवास में लापरवाही पर कार्रवाई

# 18 नोटिस बेअसर, पीएम आवास निर्माण एजेंसी ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

पीएम आवास निर्माण में लापरवाही बरतने के मामले में निगम ने निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। 18 नोटिस के बाद भी आवास निर्माण एजेंसी मेसर्स चंद्र निर्माण प्राईवेट लिमिटेड विला नबंर 22 मारूती लाईफ स्टाईल, रायपुर ने काम की गति नहीं बढ़ाई। इस एजेंसी को छत्तीसगढ़ को निविदा के माध्यम से आवास निर्माण के लिए 5 मई 2018 को कार्यादेश जारी किया गया था। कार्य आदेश जारी होने के तिथि से 18 माह की समय अवधि में कार्य पूर्ण किया जाना था।



### सात साल बाद भी आवास का निर्माण नहीं हो पाया

कार्यादेश जारी होने के 7 वर्ष पश्चात भी कार्य अपूर्ण है। मेसर्स चंद्र निर्माण प्राईवेट लिमिटेड को 894 एवं 1120 यूनिट प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान बनाने के लिए कार्य आदेश प्रदान किया गया था। एजेंसी द्वारा 3 माह विलम्ब से कार्य प्रारंभ किया गया। एजेंसी को शर्त अनुसार कार्य के प्रगति के अनुसार निरंतर राशि का भुगतान किया जाता रहा है। उसके द्वारा मकान निर्माण का कार्य समय अवधि में नहीं किया गया। जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा किश्त की पूर्ण राशि जमा करने के बाद भी मकान निर्धारित समय पर नहीं प्रदान किया जा सका।

### 420 मकानों में ये कार्य अधूरे, पूरा करने निर्देश

420 मकानों में ग्रील, विंडो, दरवाजा, टाईल्स, बिजली, पानी, फिटिंग, पैनल, टैब कनेक्शन, किचन फिटिंग, सैनेटरी फिटिंग आदि नहीं किया गया है। जिससे मकान निवास करने योग्य नहीं बन पाया है। कार्य समय अवधि में पूर्ण करने हेतु समय-समय पर निरंतर पत्र द्वारा सूचित किया जाता रहा। फिर भी एजेंसी द्वारा समय पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया। एजेंसी द्वारा केवल 40 हितग्राहियों को मकान पूर्ण करके दिया गया है।

### एजेंसी ने की मनमानी

15 अप्रैल 2025 के पश्चात भी कोई मजदूर या मशीनरी कार्य लगाकर एजेंसी द्वारा ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है। समय पर मकान पूर्ण करके नहीं देना छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशो का स्पष्ट उल्लघंन पाया गया। एजेंसी द्वारा उपरोक्त कार्य को पूर्ण करने में रूचि नहीं लेना घोर लापरवाही दर्शित होता है। मेसर्स चंद्र निर्माण प्राईवेट लिमिटेड के मध्य कंडिका क्रं. 1.15 के अनुसार समस्त कार्य आदेश को निरस्त कर दिया गया है। अनुबंध अनुसार निविदाकार द्वारा जमा की गई एवं सुरक्षित राशि राजसात करते हुए निगम भिलाई के समस्त निविदाओं में भाग लेने से वंचित कर दिया गया है।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# चिप्स व कुरकुरे छुड़ाए, नियमित डाइट से 6 माह की बालिका कुपोषण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग द्वारा चलाए जा रहे कुपोषण मुक्ति अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। समुदाय में पोषण के प्रति लगातार बढ़ती जागरूकता के चलते अब कई कुपोषित बच्चों का वजन सामान्य स्तर की ओर बढ़ रहा है। ऐसा ही एक प्रेरणादायक उदाहरण ग्राम गनियारी की 2 वर्ष 6 माह की बालिका कृषा ठाकुर का है, जो अब कुपोषण से मुक्त होकर सुपोषण की ओर बढ़ चली है।

कृषा पूर्व में मध्यम कुपोषित श्रेणी में थी। जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिथिलेश देवदास ने गृहभेंट की, तो पता चला कि, कृषा को बाजार के पैकेट वाले चिप्स, कुरकुरे आदि खाने की आदत थी, जिससे उसका वजन नहीं बढ़ रहा था। सामान्य वजन की श्रेणी में आने के लिए कृषा को 800 ग्राम वजन बढ़ाना था। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कार्यकर्ता ने परिवार को पोषण संबंधी उचित सलाह दी। उन्हें बताया गया कि, पैकेट वाले खाद्य पदार्थ बच्चों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालते हैं। इसके स्थान पर घर में बना पौष्टिक भोजन, अंकुरित अनाज, मौसमी फल, चना, मूंगफली और रेडी-टू-ईट खाद्य का उपयोग करने को कहा गया। पर्यवेक्षक शशि रैदास द्वारा भी परिवार को डाइट चार्ट पढ़ाकर समझाया गया और उसका नियमित पालन करने की सलाह दी गई।

## समर्पित प्रयासों से कुपोषित बालिका सामान्य श्रेणी में पहुंची

### चार माह में बढ़े एक किलोग्राम वजन

कृषा को बाल संदर्भ योजना का लाभ दिलाया गया और आवश्यक दवाइयां भी समय पर दी गईं। लगातार चार माह के सतत प्रयासों और गृहभेंट के माध्यम से की गई निगरानी से कृषा का वजन 9.2 किलोग्राम से बढ़कर 10.2 किलोग्राम हो गया। कृषा अब सामान्य श्रेणी में आ गई है। उसकी मां ने बाल विकास विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के प्रति आभार जताया और अपने अनुभव को गाँव की अन्य माताओं के साथ साझा किया।



### पैकेट वाले खाद्य डालते हैं नकारात्मक प्रभाव

कृषा की कहानी से प्रेरित होकर एक अन्य कुपोषित बालक मितांशु साहू की मां ने भी यही उपाय अपनाने शुरू कर दिया। अब मितांशु को सामान्य स्थिति में आने के लिए केवल 200 ग्राम वजन बढ़ाने की आवश्यकता है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि, कुपोषण से निपटने के लिए विभाग द्वारा कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायतों में नियमित गृहभेंट, पोषण शिक्षा और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। लोगों में अब यह समझ विकसित हो रही है कि, स्वस्थ खान-पान ही बच्चों को कुपोषण से बचा सकता है।

## खबर संक्षेप

### तहसीलदार ने परिवार के साथ किया पौधारोपण



दुर्ग। विश्व पर्यावरण दिवस में दुर्ग बोरासी में स्थित गणपति विहार कॉलोनी में तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने सपरिवार और कॉलोनी वासियों के साथ 5 पेड़ का रोपण कर उसकी सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली।

### ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान पर होगी कृति चर्चा




दुर्ग। जन संस्कृति मंचए दुर्ग-भिलाई के तत्वावधान में उपन्यासकार कैलाश बनवासी की कृति ठग्स ऑफ़ हिन्दोस्तान पर चर्चा गोष्ठी 8 जून रविवार को शाम 4 बजे से डिजिटल कक्ष कल्याण स्त्रातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई है। कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोचक जयप्रकाश करेंगे। कृति पर वक्ता उपन्यासकार लोकबाबू, कथाकार ऋषि गजपाल, कवि अंजन कुमार, आलोचक डॉ. सियाराम शर्मा की उपस्थित रहेंगे।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 1 कुंआ चौक पंचशील नगर जिला दुर्ग निवासी तुषार साहू की विगत 10 जुलाई 2022 को शिवनाथ नदी, महमरा एनीकेट में पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम कुरूद तहसील व जिला दुर्ग निवासी महेश साहू की विगत 13 जनवरी 2024 को रात्री में चिमनी ऊपर गिर जाने पर शरीर जल जाने से परिजनों द्वारा उपचार हेतु डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया, उपचार के दौरान 25 जनवरी 2024 को उनकी मृत्यु हो गई थी। ग्राम अमलीडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी रूपेश महिलांगे की विगत 17 अप्रैल 2024 को नहाते समय तालाब में डुबने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम रीवागहन तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी भेवेश कुमार साहू की विगत 19 अक्टूबर 2024 को तालाब के गहरे पानी में गिर जाने पर डुबने से मृत्यु हो गई थी।

### त्रुटि सुधार के लिए दावा आपत्ति 10 तक

दुर्ग। शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में 20 अप्रैल को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्राक्चयन परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए जिलेवार सूची विभागीय वेबसाइट पर 04 जून को अपलोड कर दी गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से मिली जानकारी अनुसार आवेदक परिणाम में अपना नाम एवं रोल नंबर का मिलान कर लें। त्रुटि होने पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करेंगे।

## पर्यावरण दिवस : बोरसी मैदान में पौधारोपण कर पर्यावरण की शुरुआत

# पर्यावरण का संदेश देने निकाली साइकिल रैली, सहेजने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण के लिए आज महाराजा चौक से साइकिल रैली निकाली गई।

रैली महाराजा चौक से प्रगति मैदान बोरसी में समापन किया गया। मेयर अलका बाघमार ने महाराजा चौक में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकलकर पर्यवारण संरक्षण और शहर को हरियाली की दिशा में संवारने बडी संख्या में विधायक गजेंद्र यादव ने सभापति श्याम शर्मा बच्चो व पर्यावरण प्रेमियों के साथ सायकिल रैली में शामिल हुए। मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पर्यावरण राष्ट्रीय प्रभारी सरोज पांडेय, विधायक गजेंद्र यादव, मेयर अल्का बाघमार, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, प्रभारी काशीराम कोसरे और एमआईसी सदस्य व पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जागरुकता का दिया संदेश, प्रगति मैदान में किया गया आयोजन





### एक पेड मां के नाम रोपे, फल और छायादार पौधे शामिल

एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता और संरक्षण के लिए नागरिको के साथ फलदार व छायादार पौधरोपण किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आज प्रगति मैदान में विभिन्न प्रकार के पर्यावरण को देखते हुई पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि, स्वच्छ बनाए रखने एवं प्रदूषण से बचाए रखने हेतु पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हराभरा प्रकृति प्रदान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं जिम्मेदारी है।

### मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी

विधयाक गजेंद्र यादव ने कहा कि, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। कहा कि, बिगड़ते पर्यावरण से धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे मानव जीवन जीव जंतु व पेड़ पौधे पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भी पौधारोपण को लाभकारी बताया गया है। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है। नतीजतन हर एक लोगों को कम से कम एक एक पौधा निश्चित रूप से लगाने अपील की। उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि, हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। ताकि पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं व नगर वासियों को फलदार व छायादार वृक्ष लगाने की अपील की।

### नई पीढ़ियों के लिए बेहद जरूर

सभापति श्याम शर्मा ने कहा यह केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरित और सुंदर वातावरण सौंपने की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रभारी काशीराम कोसरे ने कहा हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना बेहद जरूरी है। पेड़ लगाएं, जीवन बचाएं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, उषा टावरी, सरिता मिश्रा व पार्षदगण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहें। वृक्षारोपण के बाद प्रगति मैदान बोरसी में अतिथियों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार दिया गया।

### डाक विभाग ने लोगों को किया जागरूक

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर दुर्ग डाक संभाग द्वारा लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली मुख्य डाकघर सिविक सेंटर से निकाली गई। इसके पश्चात मुख्य डाकघर स्थित सहयोग वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रवर अधीक्षक दुर्ग संभाग बीएल जांगड़े. सहायक अधीक्षक नितिन गोस्वामी एवं सीमा श्रीवास्तव तथा आईपीपीबी मैनेजर संतोष मटिया साथ ही दुर्ग डाक संभाग के 150 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री जांगड़े द्वारा कर्मचारियों से अपील की गई कि, पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण कर उनका देखभाल करें।



### प्रकृति के बिना प्रगति अधूरी है : वोरा

दुर्ग। विश्व पर्यावरण दिवस पर कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने पद्मनाभपुर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वोरा ने कहा कि प्रकृति को बचाना सिर्फ एक दिन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा प्रकृति के बिना प्रगति अधूरी है। आज जब ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ रही है, ऑक्सीजन का स्तर घट रहा है, तब हमें पर्यावरण को बचाने के लिए और अधिक पौधे लगाने होंगे। वनों की रक्षा और वनीकरण से ही हम पारिस्थितिक संतुलन बनाए रख सकते हैं। इस अवसर पर राय सिंह ढिकोला, नंदू महोबिया, अजय मिश्रा, पप्पू श्रीवास्तव, एसके सिंह, सुमीत गुप्ता, महेश राजपूत, आदि उपस्थित रहे।



### विश्व पर्यावरण पर भोथली में पौधरोपण

दुर्ग। ग्राम भोथली में नीम एवम बरगद का पौधा रोपण जनपद सदस्य दामिनी साहू के मार्गदर्शन में किया गया और उसे सहेजने और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। मुख्य रूप से छेत्र की जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू मौजूद रहीं, साथ में सरपंच नेमिन खुटेल, पूर्व सरपंच रमेश साहू, पंडवानी गायिका सोनम साहू, जय मां अम्बे भजन मंडली के सदस्य गण एवम प्राथमिक शाला भोथली के शिक्षक गण मौजूद रहे। साथ में जनपद सदस्य ने कहा की सिर्फ पेड़ लगाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित नही रख सकते। यही पर हमारा काम खतम नही होता है, बल्कि उसको बड़ा होते तक सहेजने और उसकी देखभाल करना पड़ता है। पूर्व में भी शासन के योजना के अनुसार हमारे ग्राम में एवम आस पास के कई गांवों में वृहद रूप से पौधा रोपण किया गया था। लेकिन आज एक भी पेड़ जीवित नहीं है, इसलिए सिर्फ पेड़ लगाकर नही छोड़ना है बल्कि उसके बड़े होते तक उसकी देखभाल हमे ही करना है। तभी पेड़ लगाने का कोई महत्व रहेगा।



### हेमचंद यादव विवि में किया पौधारोपण

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर स्थित गार्डन में कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी, कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया है। सहायक कुलसचिव दिग्विजय कुमार ने बताया कि यह दिन प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और पर्यावरण सरंक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करता है। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण सभी देशों के लोगों को एक साथ लाकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबंध को सुधारना है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पेड़ों के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। इसी उद्देश्य से हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।



# पांच लोगों का पीएम आवास निरस्त नए सिरे से होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग




- हितग्राही राशि जमा नहीं करा पाए

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत प्रतीक्षारत 170 हितग्राहियो के लिए प्रधानमंत्री अवास योजना के कार्यालय में नोटिस चस्पा किया गया था। जो अब समाप्त हो चुका है। उसके पश्चात भी किसी हितग्राही द्वारा राशि जमा नही किया गया। ऐसी स्थिति में नये सिरे से पोटियाकला में निरस्त किये गए 5 आवास का आबंटन किया जाएगा।

आवास का फॉर्म लेने हेतु डाटा सेंटर के प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। अफसरों ने बताया कि, नये भरे जाने वाले 5 आवासो हेतु फॉर्म के साथ 3 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करने वालो को ही आवास आबंटन किया जाएगा। पात्रता हेतु वांछित दस्तावेज 2015 के पूर्व का आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाडित निवासी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। इसके आलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (श) फार्च्यून हाईट्स 36 आवास बोरसी दुर्ग में वर्तमान समय में 2 आवास रिक्त है। रिक्त आवासो के लिए 50 आवेदक फार्च्यून हाईट्स में प्रतीक्षारत सूची में है। इस कारण से ₹प्रथम आओ प्रथम पाओ₹ के तहत हितग्राही अंशदान प्रथम किश्त की राशि छत्तीस हजार एक सौ रूपए जमा करने के पश्चात लॉटरी के माध्यम से आवास आवंटन किया जाना है। पात्र 50 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया है। प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि, वे डाटा सेंटर में संपर्ककर इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करें। अन्यथा की स्थिति में आपका नाम फार्च्यून हाईट्स के प्रतीक्षारत सूची से निरस्त कर दिया जाएगी।

# बार-बार बिजली गुल होने से मोहन नगरवासी हो रहे परेशान



दुर्ग। मोहन नगर क्षेत्र पिछले कुछ दिनों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। इसकी शिकायत मोहन नगर पश्चिम वार्ड-12 के पार्षद अजीत वैद्य ने की है। उन्होंने बताया कि पिछले करीब 6 माह से सीएसईबी से लाइट गोल होने की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसके कारण आसामाजिक तत्वों का जमावाड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। रात के समय सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बार-बार लाइट बंद होने से संदिग्ध गतिविधियां बढ़ रही है। वार्ड में सफाई को लेकर भी समस्या है। सफाई कर्मचारी को कभी भी कहीं भी किसी भी जगह में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसके कारण वह कर्मचारी भी परेशान हैं। वार्डवासी भी परेशान रहते हैं। सफाई पूरे वार्ड की चरमरा गई है। निगम के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

# छग की शिक्षा व्यवस्था पर संकट: वोरा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था का स्तर दिन पर दिन घटता जा रहा है, अब सरकार एक और बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है, लेकिन यह बदलाव विकास से ज्यादा विनाश की आहट लेकर आया है। राज्य सरकार ने स्कूलों के 'युक्तियुक्तकरण के नाम पर एक ऐसा फैसला लिया है, जो न सिर्फ 10,463 स्कूलों को बंद करने की ओर बढ़ रहा है, बल्कि प्रदेश के शिक्षा तंत्र की रीढ़ माने जाने वाले 45,000 शिक्षकों की नौकरियों पर भी गहरी चोट करने जा रहा है। इस पर अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अरुण वोरा ने खुलकर विरोध जताया है। वोरा का कहना है कि, प्रदेश में पहले से ही 297 स्कूल बिना किसी शिक्षक के चल रहे हैं, जबकि 7,127 स्कूलों में केवल एक शिक्षक कार्यरत हैं। ऐसे में जरूरत थी कि खाली पदों पर शीघ्र भर्ती कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, लेकिन सरकार उल्टा रास्ता चुनते हुए शिक्षकों के पद ही खत्म करने की ओर बढ़ रही है। प्रदेश का शिक्षक वर्ग पहले ही भाजपा सरकार के झूठे वादों से आहत है, अब युक्तियुक्तकरण जैसे फैसले ने उनकी नौकरी की स्थिरता और भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब B.Ed-D.Ed सिर्फ फ्रेम में लगाने लायक डिग्रियां बन गई हैं। क्योंकि सरकार को शिक्षक नहीं, खर्च दिखते हैं। सरकार खुद मान रही है कि शिक्षकों का बोझ अब उसके बजट पर भारी पड़ रहा है, इसलिए स्कूलों को मिलाया जाएगा और शिक्षक कम किए जाएंगे। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया था कि, प्रदेश में 58,000 शिक्षकों के पद रिक्त हैं। बजट में 35,000 पद भरने का वादा किया गया।

## पूर्व विधायक वोरा को दुकानदारों ने सौंपा ज्ञापन

# गुमटियों की नीलामी को लेकर पनपा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- पूर्व में व्यवस्थापन कराने की थी तैयारी

राजेन्द्र पार्क चौपाटी में 20 साल से दुकान चला रहे व्यापारियों को नीलामी का नोटिस नगरनिगम द्वारा जारी किया गया है। पूर्व में इन दुकानदारों को व्यवस्थापन के लिए गुमटियां वितरण में प्राथमिकता देने की बात कही गई थी। लेकिन कांग्रेस से भाजपा की सत्ता बदलने के बाद इसे नीलामी के आधार पर वितरण किए जाने की तैयारी से दुकानदारों में आक्रोश है।

राजेन्द्र पार्क चौपाटी, दुर्ग में बीते दो दशकों से दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे छोटे दुकानदारों को नई दुकानों के आबंटन में प्राथमिकता नहीं देने को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने नगर निगम प्रशासन और महापौर को पत्र लिखकर इन दुकानदारों के हक़ में उचित कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि, नगर निगम द्वारा हाल ही में राजेन्द्र चौपाटी में नई दुकानों का निर्माण कराया गया है। निर्माण के समय पूर्व आयुक्त द्वारा पुराने दुकानदारों को यह आश्वासन दिया गया था कि, निर्माण कार्य के बाद उन्हीं दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम दरों में दुकानें आबंटित की जाएंगी। लेकिन अब उन्हें नीलामी प्रक्रिया के जरिए भारी राशि चुकाकर दुकान लेने को कहा जा रहा है, जिससे दुकानदारों में भारी



### दुकानदारों ने कहा बीस साल से व्यवसाय कर रहे

छोटे दुकानदारों का कहना है कि, वे बीते 20 वर्षों से यहां व्यवसाय कर रहे हैं और पूर्व आयुक्त के मौखिक आश्वासन के बाद ही उन्होंने निर्माण कार्य में सहयोग दिया था। अब जब दुकानें बनकर तैयार हैं, तो उन्हें दरकिनार कर बोली प्रक्रिया के ज़रिए अन्य लोगों को दुकानें देने की तैयारी की जा रही है।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार सचिन यादव आ. हनुमान सिंह यादव निवासी धमधा नाका दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये गये अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी बेबीनाज आ. हाजी मो. इब्राहीम खान ध.प. नवाब अली निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो वाके मौजा-सिकोला, प.ह.नं.-08/17, रा.नि.मं. सिकोला, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में भूमि स्थित खसरा नं.-202/7, रकबा 1.2140 हक्टेयर भूमि स्थित है। उसे खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है।

अतः उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने

स्थान- दुर्ग
दिनांक- 05/06/2025

गैंदलाल यादव /डी.आर. यादव
अधिवक्ता
ओम सांई नमन एसो.
जीवन प्लाजा काम्पलेक्स शॉप नं. 17
जी.ई. रोड़ गंजपारा दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 98271 08870
मो.न. 94255 52139

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री फूल चंद जैन पुत्र स्व. गजानंद जैन पता-परमानेंट शॉप कमांक 9. 'ए' मार्केट, सेक्टर-10, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र के भूखण्ड में निर्मित लाइसेंस शॉप क्रमांक 9, सेक्टर-10 'ए' मार्केट, भिलाई नगर, का लीज धारक है, जिसका आबंटन आदेश क्रमांक 2142 दिनांक 3.6.1976 है। वर्तमान में श्री अनिल कुमार जैन पुत्र स्व. फूल चंद जैन (आधार न. 5093 5458 5524) पता परमानेंट शॉप कमांक 9, 'ए' मार्केट, सेक्टर-10, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपने पिता स्व. फूल चंद जैन की मृत्यु पश्चात लीगल हेयर बेस पर उपरोक्त लाइसेंस प्लाट / शॉप क्रमांक 9. सेक्टर-10 ए मार्केट भिलाई नगर, का मलवा/ढांचा का स्वामित्व, स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 29.03.2025 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त लाइसेंस परमानेंट शॉप कमांक 9 सेक्टर-10 'ए' मार्केट भिलाई नगर, के मलबे ढांचा तत्संबंधित हस्तांतरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, बैकों, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो, तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। मियाद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मुहर से आज दिनांक 31/05/2025 को जारी किया गया।

महाप्रबंधक
(न.से.-दुकान /लीज/लाय)

**In The Honourable Court Of The Motor Accident Claims Tribunal-cum-i Additional District Judge At Vizianagaram**

M.O.P. 97/2021

Between:
Edubilli Lokesh being minor Reptd. By his father and guardian, Edubilli Krishna
Petitioner
And
Lakshna Yadav and others
Respondents
R-2:
M/s Balaji Transport Company, Reptd. By its Owner, Bhushan L Wadhwani, S/o Laxmandas Wadhwani, Resident of Gandhinagar Ward, Bhilai Charoda, BMY, Durg District, Chattisghad State.

**NOTICE**

Please take notice that the above O.P., stands posted to 19-06-2025 for notice to the 2nd respondent. You should appear in person or through an advocate at 10-30 AM on the above said date in the above court.

If you not appear on the said date the above matter will be decided expartee.

(P.A.N. Raju)
Advocate for the petitioner

**In The Honourable Court Of The Motor Accident Claims Tribunal-cum-i Additional District Judge At Vizianagaram**

M.O.P. 96/2021

Between:
Gunupuru Lakshmana Rao and another Petitioners
And
Laxman Yadav and others
Respondents
R-2:
M/s Balaji Transport Company, Reptd. By its Owner, Bhushan L Wadhwani, S/o Laxmandas Wadhwani, Resident of Gandhinagar Ward, Bhilai Charoda, BMY, Durg District, Chattisghad State.

**NOTICE**

Please take notice that the above O.P., stands posted to 19-06-2025 for notice to the 2nd respondent. You should appear in person or through an advocate at 10-30 AM on the above said date in the above court.

If you not appear on the said date the above matter will be decided expartee.

(P.A.N. Raju)
Advocate for the petitioner

## खबर संक्षेप



### संभाग स्तरीय प्रशिक्षण राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम

दुर्ग। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व जिला कार्यक्रम प्रबंधक भूमिका वर्मा व जिला नोडल अधिकारी डॉ आरके खंडेलवाल उपस्थित रहें। प्रशिक्षण में डॉ शिल्पा जैन मास्टर ट्रेनर द्वारा तम्बाकू के नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ शैलेंद्र कुमार मिश्रा राज्य समन्वयक द्वारा ज़िले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के कार्य संपादन किए जाने के लिए ज़िले के समस्त शासकीय कार्यालय, शासकीय व निजी स्कूलों और ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ज़िले में राज्य सलाहकार ख्याति जैन द्वारा कोटपा अधिनियम 2003 के उल्लंघन पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी सार्वजनिक स्थानों को तंबाकू मुक्त करना प्राधिकृत अधिकारी द्वारा चलानी कार्रवाई, सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालय को तंबाकू मुक्त किये जाने हेतु प्रचार प्रसार एवं स्कूलों कॉलेजों के 100 गज के दायरे में यलो लाइन अभियान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बुजुर्गों का आशियाना भेलवा तालाब, उजाड़

**भिलाई।** पाश कालोनी नेहरूनगर, भिलाई का एक मात्र भेलवा तालाब उजाड़ हाल में है। वर्ष 2008 तक पूर्ण विकसित तालाब में शूमार तालाब इन दिनों गंदगी और कमल गुट्टा से भरा हुआ है। रहवासियों ने बताया कि चुनाव के समय हर नेता आते है और विकसित तालाब के रूप में लाने के वादे के साथ चुनाव उपरान्त भूल जाते है। नेहरूनगर नगर जिसको बुजुर्गो की कालोनी से जाना जाता है। यहां बड़े उद्योगपति भी रहते है। उसके बाद भी भेलवा तालाब घोर उपेक्षा का शिकार है। टूटी-फूटा कुर्सी, बेन्च, शेड के रूप मे फटी तालपोलिन से यहां आने वाले बुजुर्ग परेशान हैं। इसी हाल में यहां जन्मदिन, शादी का साल गिरह,गाना बजाने की कार्य निरन्तर चल रहा है। हास्य एवम योगा क्लब, भेलवा तालाब,भारत विकास परिषद, जेष्ठ नागरिक मंच नेहरूनगर, फैन्स , बन बन्धु परिषद के वरिष्ठ आदि इस्तेमाल करते हैं।

# सेक्टर 6 श्रमिक बस्ती में बारिश के दौरान फिर होगा जलभराव

## अब तक नहीं हुई गंदी नाली की सफाई, रहवासियों व व्यवसायियों ने की जल्द सफाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मानसून की आहट के साथ ही टाउनशिप में नाले के किनारे बसी श्रमिक बस्ती और मार्केट के व्यवसायियों को जलभराव की चिंता सताने लगी है। बीएसपी द्वारा अब तक सेक्टर 6 नाले की सफाई नहीं किए जाने से बारिश के दौरान फिर झुग्गियों और दुकानों में पानी भरेगा। अधिक वर्षा होने पर नाले में बाढ़ से हर साल समस्या से तटवर्ती लोगों को परेशानी होती है।

बारिश का मौसम निकट है। हर साल टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र से निकलने वाला गंदा नाला



### सी मार्केट की दुकानों में भरता है पानी

वर्षा के मौसम में सेक्टर 6 से गुजरने वाला गंदा नाला तेलुगू बस्ती के अलावा सी मार्केट के व्यवसायियों के लिए भी मुसीबत बन जाता है। नाले के किनारे की दुकानों में बाढ़ के दौरान पानी भर जाता है। किनारे में अधिकतर मैकेनिक और आटो रिपेयर दुकानें हैं। दुकानों में गंदे पानी के साथ कचरा, सांप और मेंढक आदि भी दुकानों में घुस जाते हैं। दुकानों में रखा सामान आदि भी खराब हो जाता है।

सेक्टर 6 ई मार्केट के निकटस्थ तेलुगु श्रमिक बस्ती और सी मार्केट के व्यवसायियों के लिए परेशानी का कारण बनता है। नाले में बाढ़ आने पर सबसे ज्यादा दिक्कतें श्रमिक बस्ती के रहवासियों को होती है। इस साल भी बीएसपी द्वारा इस श्रमिक बस्ती से सटे गंदे नाले की सफाई अब तक नहीं करवाई गई है। पूरा नाला गंदे पानी व गाद के साथ भारी कचरे और झाड़ झंखाड़ों से पटा हुआ है। बस्ती के रहवासियों ने बताया कि अधिक बारिश होने पर नाले का पानी किनारे की झुग्गियों में भर जाता है। इससे खाने पीने के सामान खराब हो जाते हैं। समस्या को देखते हुए नाले की सफाई जल्द करवाने की जरुरत है।

## कार्यक्रम : वॉकथॉन के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का पहुंचाया संदेश

# विश्व पर्यावरण दिवसः हरीतिमामय हुआ बीएसपी टाउनशिप, निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को पर्यावरणीय संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता को सशक्त बनाने और एकल-उपयोग प्लास्टिक के उन्मूलन पर केंद्रित कार्यक्रमों की श्रृंखला के माध्यम से सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित किया गया। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें - बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन के तहत, संयंत्र परिसर एवं नगर क्षेत्र में विविध जागरूकता और स्वच्छता अभियानों का आयोजन किया गया।

सुबह बजे इस्पात भवन के सामने से वॉकथॉन का आयोजन हुआ। इसे छग पर्यावरण संरक्षण मंडल की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिता सावंत तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मानव संसाधन विकास केंद्र में समाप्त हुए इस वॉकथॉन में संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। पर्यावरण प्रबंधन विभाग तथा खेल, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित इस वॉकथॉन के माध्यम से पर्यावरणीय चेतना का संदेश पहुंचाया गया। इस अवसर पर ईडी एके चक्रवर्ती, पवन कुमार, राकेश कुमार, डॉ. एम. रवीन्द्रनाथ, सीजीएम राजीव पांडे, जीएम प्रभारी उमा काटोच, जीएम संजय कुमार, ओएअध्यक्ष एनके बंछोर बंछोर, महासचिव परविंदर आदि आधिकारी उपस्थित थे।

### वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, श्रमिक संगठनों छात्रों ने लिया हिस्सा




### निकाली गई जन जागरुकता रैली

पर्यावरण दिवस पर सेक्टर 9 जेएलएन अस्पताल द्वारा भी जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसे मुख्य अतिथि विभाग प्रमुख डां. रवींद्र नाथ ने रवाना किया। रैली ओपीडी ब्लॉक से प्रारंभ होकर अस्पताल के नवीन पार्किंग क्षेत्र तक संपन्न हुई। इस रैली में चिकित्सक, नर्स, डीएनबी छात्र, पैरामेडिकल स्टाफ, सफाईकर्मी और नागरिक शामिल हुए। रैली के बाद 150 से पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीषा कांगो व डॉ. सुबोध कुमार साहा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक रंजन उपस्थित थे।

### साढ़े तीन सौ लोगों ने प्लास्टिक कचरा एकत्र किया

डॉ. रवीन्द्रनाथ ने कहा कि पर्यावरण कोई भौतिक संपत्ति नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों को सौंपना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम के अलावा सुबह सिविक सेंटर स्थित देशी व अंग्रेजी मदिरा दुकान के समीप विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनिता सावंत थीं। यह कार्यक्रम नगर सेवाएं विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग और प्रवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। 350 से अधिक सफाईकर्मी, पर्यवेक्षक और नागरिकों ने प्लास्टिक कचरे को एकत्र किया। इस अवसर पर सीजीएम उत्पल दत्ता, जीएम प्रशांत तिवारी, केके यादव ओए अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह व डीजीएम राघवेंद्र गर्ग आदि उपस्थित थे।

### लगाए गए पौधे का वृक्ष बनने तक करेंगे देखभालः ईश्वर

भिलाई। नगर पालिका परिषद जामुल के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें वार्ड 18 सुरडुंग मोड़ पर नगर पालिका परिषद जामुल के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सभी जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए और समय-समय पर खाद पानी एवं सुरक्षा देने का संकल्प लिया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हम सिर्फ पेड़ लगाने का रस्म अदायगी नहीं करेंगे बल्कि हम स्वयं अपने द्वारा लगाये गये पौधे को वृक्ष बनने तक इस पौधे का देखभाल एवं सुरक्षा करेंगे, वृक्षारोपण कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष सुनिता चन्नेवार, पार्षदगण सबीहा खान, खम्हन ठाकुर, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरा, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, सीमा यादव, रामप्यारी वर्मा, कविता विश्वाल, रामदुलार साहू, के. राजू, चुम्मन वर्मा, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, अहिल्या वर्मा, शांति टंडन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी, राजस्व प्रभारी हरीश साहू, हीम्मत मण्डावी, समयपाल वेदांत वर्मा, सफाई प्रभारी बशीर खान, रमेश मारकण्डे, तुकेश सेन उपस्थित थे ।



### सिंगल यूज प्लास्टिक का आह्वान

डॉ. सावंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 2015 से ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर प्रतिबंध है, बावजूद कई उपयोग कई क्षेत्रों में उपयोग चिंताजनक है। उन्होंने स्वास्थ्य के लिए पूर्ण निषेध का आह्वान किया।उत्पल दत्ता ने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक के विकल्पों को अपनाएं एवं पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बनें। अभियान में नगर सेवा विभाग के कर्मचारी, सफाई कर्मी एवं पर्यवेक्षकों ने चारों ओर सफाई कर पर्यावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जीएम केके यादव तथा आभार प्रदर्शन डीजीएम राघवेंद्र गर्ग ने किया । उद्यानिकी अनुभाग द्वारा सशस्त्र सीमा बल के सहयोग से सेक्टर-8 में पौधारोपण किया गया। सिंटर संयंत्र 2 व 3 एवं पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन में भी कार्यक्रम हुए।

# दस कब्जेधारियों ने स्वेच्छा से हटाए अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग तथा भिलाई नगर निगम की दबिश के बाद बीएसपी की संपत्ति पर काबिज कब्जाधारियों ने स्वेच्छा से पावर हाउस स्थित के जवाहर मार्केट से अवैध कब्जे हटाए लिए। । संपदा न्यायालय के डिक्री के परिपालन में पुराना रोजगार कार्यालय परिसर में अवैध रूप से काबिज 10 व्यक्तियों द्वारा संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के अनुपालन में अपने अतिक्रमण हटाए।

■ अवैध कब्जाधारियों पर दंड भी अभिरोपित किया

संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के तहत विजय सोनकर, समीर खान, अब्दुल सलीम, दशरथ धृतलहरे, टीका राम साहू, साहेब लाल सोनकर, रविंद्र जायसवाल, चंदन जायसवाल, लाल बाबू तथा बचऊ सोनकर के खिलाफ निर्णय सुनाया गया था। न्यायालय द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों पर 1,22,000/- का दंड भी अधिरोपित किया गया। निर्णय बाद नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अधिकारियों तथा नगर निगम की टीम ने कब्जाधारियों को चेतावनी दी थी कि वे 48 घंटे के भीतर स्वेच्छा से कब्जा हटाएँ अन्यथा बलपूर्वक बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

# जेएलएन हास्पिटल में मरीजों को लुभाएंगी खूबसूरत कलाकृतियां

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर नौ में इलाज के लिए आने वाले चिंतित मरीज और परिजन मेन गेट में प्रवेश करते ही थोड़ा रिलेक्स होते दिखेंगे। इनका भावभीना स्वागत खूबसूरत कलाकृतियों से होगा। मेट के बाहर कतार से आकर्षक कलाकृतियां लगाई जा रही हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा जेएलएन हास्पिटल के प्रवेशद्वार को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। पं.रविशंकर शुक्ल चौक के पीछे गेट के सामने बाउंड्री पर लाइनस दर्जनभर से अधिक खूबसूरत कलाकृतियां लगाने का काम चल रहा है। इससे अस्पताल आने वाले मरीजों, डाक्टरों तथा पेरामेडिकल स्टाफ के साथ सेंट्रल एवेन्यू मार्ग से आने जाने वाले भी खुश होंगे। गौरतलब हो कि हास्पिटल के परिसर के अंदर कैज्युअल्टी के सामने भी महात्मा गांधी सहित अगस्त क्रांति के क्रातिवारों की मूर्तियां वर्षों से आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। यह मोहक मूर्तियां प्रसिद्ध मूर्तिकार जेएम नेलसन द्वारा करीबन डेढ़ दशक पूर्व बनाई गई थीं। बीएसपी द्वारा पंद्रह अगस्त को इनका अनावरण किया



# स्टील चैंबर का प्रतिनिधि मंडल आज व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन से मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ 51 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल मिलेंगे
■ संयुक्त रूप से ज्ञापन भी सौपेंगे

स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के 51 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल जून को रायपुर में राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड भारत सरकार के चेयरमैन सुनील सिंघी से मिलेगा। चेंबर प्रतिनिधि सांसद विजय बघेल के प्रधानमंत्री जी को लिखे गए पत्र की जानकारी से अवगत कराएगा। इस मुलाकात में कैट के सदस्यों सहित सामाजिक, शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल किए गए हैं। इस दौरान संयुक्त रूप से ज्ञापन पत्रक भी सौंपा जाएगा। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, ज्ञानचंद बाकलीवाल, राजेश ढोड़ी, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास खेड़िया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश रतनानी ने संयुक्त रूप से बताया कि भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के व्यापारियों के ज्वलंत समस्या लीज नवीनीकरण के संदर्भ में कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स नई दिल्ली के वाइस चेयरमैन अमर परवानी के नेतृत्व में चर्चा होगी। व्यापारियों की समस्या और लीज नवीनीकरण को लेकर जानकारी दी जाएगी।

# जब शरारती बंदर ने लड़की का लौटाया मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

कलेक्टोरेट और कोर्ट परिसर दुर्ग में उत्पात मचाते बंदर अपने मानवसुलभ करतबों से भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

■ कलेक्टोरेट परिसर में उत्पात मचाता दो बंदर लोगों के हैरत व आकर्षण का केंद्र



आज विश्व पर्यारण दिवस और बंदरों की मनोरंजक शरारतों का अदभुत संयोग चर्चा का विषय बना रहा। इन पालतूनुमा लंगूरों की दिलचस्प हरकतों ने व्यस्ततम और तनावग्रस्त अधिकारियों, वकीलों के साथ मुल्जिमों को भी कुछ पल के लिए गुदगुदाने पर मजबूर कर दिया। एक बंदर चालक की तरह कभी खड़ी बाइक का एक्सीलेटर दबाता तो कभी नीचे उतरकर किक मारते हुए कौतुक का केंद्र बना रहा।

कलेक्टोरेट परिसर में आमतौर पर दिनभर गहमागहमी का माहौल होता है। यहीं जिला न्यायालय भी होने से मामलों और फरियादियों में उलझे अधिवक्ता आदि के पास भी सांस लेने की फुरसत नहीं होती। यही हालत यहां विभिन्न कामों से आने वाले आम लोगों की होती है। लेकिन अपने कार्यों में व्यस्त कई लोगों को आज उत्पाती बंदरों ने खूब हंसाया। दो तीन बंदर उछलकूद करते हुए कोर्ट परिसर के अंदर के गेट के सामने दोपहिया खड़ी दोपहिया गाड़ियों पर उछलकूद करने लगे। एक ने एक बाइक की सीट कवर चबाया तो दूसरा आराम से हैंडल का एक्सीलेटर घुमाने लगा। जब कुछ लोगों ने खदेड़ा दो दोनों बंदर धमाचौकड़ी मचाते हुए मंदिर के साइड में जा धमके। मंदिर के निकट पेड़ की टहनी पर झूलते हुए एक बंदर को जब एक लड़की ने शरारत से दांत किटकिटाते चिढ़ाया तो बंदर गुस्से से झपट्टा मारते हुए उसके हाथ से मोबाइल छीन दूर जा बैठा। कुछ लोगों ने सूझबूझ से चनों के साथ और अपने मोबाइल बंद रो दिखाए। इस पर बंदर निकट आकर चने उठाने के प्रयास में लड़की का मोबाइल जमीन पर छोड़ गया। लेकिन इस चक्कर में मोबाइल की स्क्रीन टूट गई। उल्लेखनीय है कि आज पीएम पर आपत्तिजनक टिप्पड़ी के मामले में कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह के केस की सुनवाई के चलते कई कांग्रेसी भी कोर्ट परिसर पहुंचे थे।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## राजहरा माइंस अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों को दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



### मरीजों को लगाए आर्टिकुलर इंजेक्शन

मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। शिविर में स्थानियों को 12 इंट्रा-आर्टिकुलर इंजेक्शन लगाए गए और 6 प्लास्टर चढ़ाए गए। साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए।

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 640 से अधिक परामर्श प्रदान किए । शिविर के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग और जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की टीम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर ने किया। शिविर में सीएमओ डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. प्रमोद राय , डॉ. अशोक कुमार, डॉ. कुमुदिनी तिग्गा , डॉ. नूतन वर्मा, डॉ. इमैनुएल मैसी, डॉ. धीरज शर्मा , डॉ. पलाश तिवारी, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. दिव्या पी तेजस्वनी , डॉ. शशांक अग्रवाल, शशि सिंह श्वेता शर्मा डीएनबी डॉ. अभिषेक, डीएनबी डॉ. प्राची प्रतिभा प्रिंस सहित जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, भिलाई के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डॉ मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस हॉस्पिटल की टीम भी उपस्थित थी।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
▸पॉली ट्रॉमा
▸मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
▸कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
▸पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
▸हड्डियों से मवाद रिसना
▸ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04 समर में लिनन

## लाइव इवेंट

### भिलाई के 6 कराटे खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**भिलाई।** सेक्टर-5 इस्पात क्लब से प्रशिक्षित 6 होनहार कराटे खिलाड़ियों का चयन नेशनल कैडेट जूनियर व सब-जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2025 के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 12 से 15 जून तक देहरादून उत्तराखंड में आयोजित होगी। खिलाड़ियों के कोच रमेश एवं राजेश हैं। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने पिछली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर भिलाई का नाम रोशन किया था। इस बार भी उनसे शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। यह दल 9 जून को प्रतियोगिता के लिए देहरादून रवाना होगा। ओलंपिक खिलाड़ी राजेंद्र प्रसाद एवं मुकेश तिवारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये बच्चे भिलाई की नई खेल प्रतिभा के प्रतीक है। भविष्य के चमकते सितारे बन सकते हैं। टीम में रजनी ओरण, बरखा ओरण, पुष्पांजलि बंजारे, प्रज्ञा बंजारे, अन्नपूर्णा साहू, खुशी जोशी शामिल हैं।

## सिटी इवेंट

### माहेश्वरी समाज ने वंशोत्पत्ति दिवस पर निकाली रैली, शिवजी का अभिषेक कर बुजुर्गों को कराया भोजन



**दुर्ग।** माहेश्वरी समाज ने वंशोत्पत्ति दिवस मनाया। इस अवसर पर सुबह प्रभातफेरी निकाली गई, जो बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा से शुरू होकर शनि मंदिर व विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंची। दुर्ग में बाबा रामदेव मंदिर में सुबह 10 बजे ने महेश ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सदस्यों को बेल के पौधे भी बांटे। विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति आरएल झंवर ने अपने उद्बोधन में परिवार और समाज में एकता बनाकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अलग-अलग विचारधारा के होते हुए भी एक सामंजस्य बिठाकर सर्वोत्तम स्थिति का निर्माण करते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि अभा माहेश्वरी सभा के सदस्य प्रकाश लड्डा ने प्रदेश स्तर पर समाज के विभिन्न सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए उसका अधिक से अधिक लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद गंजपारा चौक पर राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया।

**मंदिर परिसर में हुआ रूद्राभिषेक, रक्तदान शिविर का भी आयोजन:** माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष अशोक राठी ने बताया कि महेश नवमी पर दुर्ग में माहेश्वरी पंचायत ने सुबह 7 बजे बाबा रामदेव मंदिर परिसर में समाज के 70 लोगों की 25 से अधिक प्रकार की रक्त जांच कराई। इसके बाद 7.30 बजे प्रभातफेरी शुरू हुई, जिसमें महेश ध्वज थामे लोग भगवान शिव का जयकारा लगाते हुए शामिल हुए। 8.30 बजे मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक किया गया। फिर ध्वजारोहण के बाद दिनभर सेवा कार्य किए। सदस्यों व वरिष्ठों ने जिला अस्पताल में फल और गंजपारा में शरबत वितरण किया। पुलगांव वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को भोजन सेवा दी।

**समाज के प्रतिभावान हुए सम्मानित:** दोपहर में बाबा रामदेव मंदिर परिसर में सम्मान समारोह हुआ, जहां समाज के होनहार छात्रों, विशिष्ट प्रतिभाशाली 30 लोगों का सम्मान किया गया। इनमें विभिन्न खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चे भी शामिल रहे। इससे पहले जिला अस्पताल दुर्ग में 25 यूनिट रक्तदान भी किया गया।

### गिलन अवार्ड-2025 से नवाजी गईं किरण यादव



**भिलाई।** चंद्राकर संस्था द्वारा ब्यूटी कार्यक्रम विशाल स्तर में आयोजित किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ की ब्यूटी प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें फिल्म उद्योग से सेलिब्रिटी स्नेहा उल्लाल चीफ गेस्ट फिल्म लकी की अभिनेत्री भी मौजूद थीं। कार्यक्रम में आशीष इन्फोटेक विशेष सहयोगी के रूप में और अन्य संस्था द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। किरण यादव को गिलेम छत्तीसगढ़ भारत 2025 विनर टाइटल मिसेस गिलेम का ताज अभिनेत्री स्नेहा उल्लाल एवं परी चंद्राकर द्वारा पहनाया गया। इस अवसर पर किरण यादव ने बताया कि बहुत गर्व की बात है कि बचपन में शाला से महाविद्यालय तक समस्त कार्यक्रम में प्रतिभागी रहती थीं। खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सहभागिता रही, मुझे आगे पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों में पिता दिनेश कुमार यादव ने हमेशा प्रेरित किया। उनके कारण मैं इन ऊंचाइयों पर पहुंच सकी।

स्लग - बीएसपी, भिलाई निगम, पर्यावरण विभाग, जिला पंचायत, समाजसेवी संस्थाओं ने लिया पौधों को सहेजने का संकल्प

# पौधारोपण कर किया महाअभियान की शुरुआत, सहेजने लिया संकल्प

## 50 हजार से ज्यादा पौधे एक दिन में रोपे, अगस्त तक 10 लाख का लक्ष्य

विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को जगह-जगह कार्यक्रम हुए। बीएसपी, भिलाई निगम, पर्यावरण विभाग, समाजसेवी संस्थाओं से लेकर औद्योगिक फर्मों ने पौधे लगाकर उन्हें सहेजने का संकल्प लिया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों नें भी आयोजन में बढ़चढ़ कर भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण की जरुरत से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर कुछ जगहों पर कार्यशाला और संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। बुजुर्गों ने भी पौधेरोपण ढलती उम्र के बीच पर्यावरण को सहेजने और इसे बेहतर बनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। वन विभाग, जिला पंचायत और उद्यानिकी विभाग के मुताबिक 50 हजार से ज्यादा पौधे एक दिन में रोपे गए हैं। अगस्त महीने के अंत तक जिले में 10 लाख से ज्यादा पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

### भिलाई निगम ने पांचों जोन के 31 स्थानों पर लगाए गए हजारों पौधे



**भिलाईनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भिलाई निगम ने सभी पांचो जोन में अलग-अलग स्थानों पर स्थानीय वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण मित्र, स्थानीय नागरिकों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। उद्यान विभाग द्वारा प्रमुख रूप से कार्यक्रम वार्ड 1 खम्हरिया अमृत उद्यान में आयोजित किया गया। इसमें महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, संदीप निरंकारी, भिलाई भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्ष जो लगाए गए अमलताश, गुलमोहर, मॉलश्री, कचनार, कदम्ब, बादाम, आम, अमरूद, कटहल, पीपल, नीम, करंज, जामुन आदि 3 से 4 फूट के है, जो बारिश के समय जल्द ही बड़े हो जाएंगे। महापौर नीरज पाल ने बताया कि वृक्ष लगाने से ज्यादा जरूरी है, हम सब स्थानीय नागरिको एवं उद्यान विभाग द्वारा इसे जीवित रखा जाए। इसके लिए पानी, खाद एवं सुरक्षा का विशेष उपाय किया जाए। विश्व पर्यावरण के दिवस पर उद्यान में कार्य कर रहे 40 मजदूरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजेश चौधरी, जलांधर सिंह, पार्षद सेवन कुमार, नोहर वर्मा, प्रदीप सेन, इंजीनियर सलमान, एन शैलजा राजू, भोला साहू, सरिसा देवी, जनप्रतिनिधि मदन सेन, राजकुमार जायसवाल, फ्रेन्डस ग्रुप के वीएन पाण्डेय, क्रेजी 36 ग्रुप के हर्षित मिश्रा, मिरल नामदेव, लक्की, जोन आयुक्त सतीष यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता प्रिया खैरवार, उपअभियंता चंदन निर्मलकर आदि मौजूद थे।



### पर्यावरण मूल्यों को बनाए रखने के साथ पौधों को सहेजने लिया संकल्प

सिस्कोल भिलाई ने हरित पहल के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनायासिस्कोल, भिलाई ने अपनी सभी परिचालन इकाइयों में विश्व पर्यावरण दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर, कर्मचारियों, इकाई प्रमुखों और वरिष्ठ प्रबंधन को एक साथ लाकर एक पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। निदेशक वाईएस रेड्डी, मानव संसाधन प्रमुख अनुज माथुर, ईएचएस प्रमुख राजेंद्र पाढ़ी, अनिल मिश्रा, वेंकेट रेड्डी, सत्य नारायण पांडा और संयंत्रों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रतिभागियों ने परिसर में पौधे लगाए। सामूहिक रूप से पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस पह पहल ने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और स्वच्छ, हरित और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### पर्यावरण दिवस पर पौधों के रखरखाव और रोपने की दी जानकारी



**दुर्ग।** उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक के ईको क्लब द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया। संस्था प्रमुख प्रकाश कुमार पाण्डेय, अंकिता साहू विभिन्न तरीकों एवं उसके रख-रखाव की जानकारी दी। इस अवसर पर प्लास्टिक प्रदूषण को हटाना विषय पर छात्रों के लिए रील बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के छात्रों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभागिता दिखाई। रील में छात्रों ने प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव एवं उसकी रोकथाम के तरीकों को उजगार किया। इस अवसर पर दीप्ती रणदीवे, मनोज कुमार, नेहा देवांगन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### वाहन शाखा विभाग व माताधाम मंदिर परिसर में पौधारोपण

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम के वाहन शाखा विभाग परिसर में मानवाधिकार फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष एवं समाजसेविका बी पोलम्मा ने फाउंडेशन की तरफ से पहली बार वृक्षारोपण किया। परिसर में 21 फलदार, फूलदार और छायादार पौधे रोपित किए गए, जिनमें प्रमुख रूप से कचनार, जामुन, करण, नीम और मातोश्री पौधे शामिल हैं। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम का भावनात्मक संदेश देते हुए इनकी देखरेख और संरक्षण का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेलुगु सेना के प्रदेशाध्यक्ष नीलम चन्ना केशवुलु ने भी पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण महज औपचारिकता नहीं, बल्कि धरती मां को प्रदूषण से बचाने का सार्थक प्रयास है। पौधरोपण में तेलुगु सेना के जिलाध्यक्ष डी मोहनराव, मानवाधिकार फाउंडेशन की जिला उपाध्यक्ष डी गोपी वेणी, रिसाली प्रभारी प्रीति चौबे, पर्यावरण मित्र राजेश्वर राव, एस निर्मला, एम लता, एस वेंकटराव, डॉ पी राजा, ई आदि नारायण, फणेंद्र बोस, पीएन शर्मा, दुर्गावती गुप्ता, बी मीना, लीला देवी, सपना गजभिये, रेखा बघेल ने हिस्सा लिया। दूसरी ओर सेक्टर 07 स्थित माताधाम मंदिर प्रांगण में भी चन्ना केशवुलु की निगरानी में माता को प्रिय नीम के पौधे लगाए गए। स्थानीय लोगों ने इन पौधों की नियमित रूप से देखभाल करने की जिम्मेदारी ली। साथ ही आने वाली पीढ़ी को प्रदूषण मुक्त वातावरण देने के लिए साल में कम से कम एक बार एक पेड़ लगाने की शपथ भी ली।



### हुडको में रोपे गए पौधे



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका निगम भिलाई जोन क्रमांक 5 के तत्वावधान मे हुडको स्थित तालाब किनारे नगर पालिका निगम भिलाई के राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी के मार्ग दर्शन मे वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर जावेद खान, रविशंकर सिंह, आरबीके राव, पी श्रिनिवास राव, अरुण अग्रवाल, विजय मंढरिया, अरुण ठवकर, दीपांकर दास, सी अनिल, नेमीचंद शर्मा, बी मोहन, एस बाजी, अब्दुल कलीम, सुकलयाण रूदरा सहित अन्य मौजूद थे।

### निशुल्क बांटे पौधे

**भिलाई।** श्री सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर निःशुल्क पौधा वितरण एवं जागरूकता समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में निःशुल्क 50 पौधे वितरित किए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। निःशुल्क पौधा वितरण एवं जागरूकता समारोह में संस्था के सभी प्रमुख व विभिन्न समाज के प्रमुखजन उपस्थित हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष जी. माधव राव, के. डिल्ली राव, के. उमाशंकर राव, कृष्णमूर्ति सर, के. गणपति राव, के. राममूर्ति, जी. जगन्नाथ राव, गोपाल राव, जी. माधव राव, बबलू, एस. सांई, यू. अनिल कुमार, जगदीश पंडित, हिमांशु साव, संदीप पटेल आदि मौजूद थे।






### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापूनगर में लगाए पौधे

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापूनगर खुर्सीपार में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुषमा सिंग द्वारा हॉस्पिटल परिसर में वृछारोपण किया गया।हॉस्पिटल स्टाफ के द्वारा औषधीय पौधे भी रोपित कर पौधो की सुरक्षा के लिए फेंसिंग किया गया।

### कचना धुरवा देवालय गोंडवाना भवन में रोपे पौधे



महापौर अलका बाघमार ने कचना धुरवा देवालय गोंडवाना भवन में पौधे रोपे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर पाम, नीम, अशोक, बेल आदि पौधे रोपित किए गए। ये सेवा एवं रचनात्मक कार्य ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति, लायंस क्लब मिड टाऊन एवं महावीर इंटरनल नेशनल सर्विस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, पन्ना नेताम, नवीन जैन, नरेंद्र जैन, यशवंत तिवारी, अमीर खान, ज्ञानेश ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

### कामधेनु विश्वविद्यालय परिसल प्लास्टिक मुक्त बनाने लिया संकल्प

**भिलाई।** वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य के कुशल नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया, साथ ही अपने आस-पास के पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु प्रेरित कर कदम, नीम, जामुन आदि पौधो का रोपण किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, निदेशक शिक्षण डॉ.सुशांता पॉल, अधिष्ठाता डॉ. के. मुखर्जी, निदेशक अनुसंधान डॉ. जीके दत्ता, निदेशक फार्म डॉ. धीरेन्द्र भोंसले, डॉ. एसपी इंगोले, डॉ. एमके अवस्थी, डॉ. जेआरखान सहित अन्य मौजूद थे।



### रूंगटा आर-1 ग्रुप में पौधारोपण



**भिलाई।** रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज आर-1 में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प भी लिया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, डॉ. वाईएम गुप्ता, डॉ. एजाजुद्दीन, डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. मुकेश शर्मा, महेंद्र श्रीवास्तव, पंकज माहेश्वरी, डीके विश्वकर्मा, प्रकाश वाहने और सत्यधर्म भारती मौजूद रहे।

### रसमड़ा में पौधारोपण महाअभियान प्रकृति से खिलवाड़ रोकने संकल्प

**दुर्ग।** जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड औद्योगिक विकास केन्द्र रसमड़ा-बोरई में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस एवं स्व. देवेन्द्र प्रसाद जाजोदिया की स्मृति में संस्थान परिसर एवं अन्य स्थानों में वृहद् पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सेफ्टी मैनेजर विवेक इंगले एवं सुशील केशरी ने बताया कि प्रकृति के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण बचाने प्लास्टिक बैग का उपयोग बंद करना आवश्यक है। यह जानकारी कंपनी के प्रचार प्रसार प्रमुख सुशील केसरी ने दी।



## सिटी इवेंट

# ईज़ ऑफ डुइंग बिजनेस पर कार्यशाला, 14 विषयों पर चर्चा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग भारत सरकार तथा जिला उद्योग और व्यापार केंद्र दुर्ग के सहयोग से ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला और फीडबैक सत्र का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, दुर्ग में किया गया। इस सत्र में डीपीआईआईटी की केंद्रीय टीम के वरिष्ठ सलाहकार मनोज कुमार और संजय गुप्ता, डीटीआईसी दुर्ग के अधिकारी तुषार और साइमन एक्का उपस्थित रहे। इस आयोजन में राज्य के प्रमुख औद्योगिक संगठनों की भागीदारी रही। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ महासचिव अजय भसीन, भिलाई चैंबर जिला अध्यक्ष गर्गी शंकर मिश्रा, उद्योग चेंबर भिलाई अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र प्रसाद गुप्ता, कोऑर्डिनेटर भोलानाथ सहित अन्य प्रमुख उद्योगपति व व्यापारिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यशाला में औद्योगिक भूमि आवंटन, सरकारी अनुमतियों की प्रक्रिया में सुधार, और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के 14 प्रमुख मापदंडों पर विस्तृत चर्चा की गई। उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को डीपीआईआईटी और राज्य प्रशासन ने गंभीरता से लिया और उन्हें आगामी सुधारों में सम्मिलित करने की बाते कही। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ एवं उद्योग चेंबर भिलाई छत्तीसगढ़ को उद्योगों के लिए एक अधिक सरल, पारदर्शी और व्यापार-अनुकूल राज्य बनाने के लिए कार्यशाला आयोजित करते रहता है। यह सत्र शासन और उद्योग के बीच संवाद को सुदृढ़ करने महत्वपूर्ण भूमिका रही।

● मन के लिए खुशी दवा का काम करती है, इसके जैसी कोई खुराक नहीं

# दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है खुशी, ये न किसी दुकान में मिलती और न ही उधार, तनाव मुक्त रहने दिया खुशी का इंजेक्शन, दिलाया संकल्प

भिलाई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 पीस ऑडिटोरियम में आयोजित गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर के दूसरे दिन तनाव मुक्ति विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने खुशियों का उत्सव विषय पर बताया कि खुशी जैसी खुराक नहीं, हम हर किसी से अपेक्षा रखकर दुख लेकर दुखी हो जाते है। अपने खुशी का रिमोट कंट्रोल अपने पास ही रखना है, दूसरे के हाथ में नहीं। उन्होंने तनाव मुक्त रहने खुशियों का उत्सव' मनाते हुए सदा खुश रहने के लिए सभी को खुशी का इंजेक्शन (मंत्र) दिया गया। उन्होंने बताया कि खुशी दुनियां की सबसे बड़ी दौलत है। जिसे आप पैसों से या किसी दुकान, मेडिकल से खरीद नहीं सकते, न ही किसी से उधार ले सकते है। खुशी को डॉक्टर दवाई भी कहते हैं क्योंकि मन के लिए खुशी दवा का काम करती है। खुश रहने का नंबर वन नुस्खा निरंतर चलते रहना और श्रेष्ठ कर्म करना है। दूसरे दिन सभी को " हम सदा खुश रहेंगे और खुशी बाँटेंगे'' का संकल्प दिलाया गया।





### खुशी गायब होने के कारण बताए

ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने कहा कि पुरानी बातों को पकड़ कर रखने से खुशी गायब हो जाती है। खुश रहने के लिए मूल बात यह याद रखे कि सुख-दुःख, मान-अपमान, स्वस्थ व व्याधिग्रस्त शरीर में भी इसी में खुश रहने का रास्ता निकालना है।

**दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है खुशी, जब तक जीना है खुश रहना है, खुशी बांटना है: पूनम**

### तनाव मुक्त खुश रहने के बताए टिप्स

शिविर के दूसरे दिन ब्रम्हकुमारी ने तनाव से बचने के लिए कुछ खास बातों का संकल्प लेने की बातें कही। उन्होंने कहा कि यह संकल्प दृढ़ता के साथ पूरा करें कि "पुरानी बातें छोड़ो, कोई बात नहीं, आगे बढ़ो" खुद को समझाईये। जीवन का लक्ष्य प्रेम, खुशी, आनंद में है। बातें पकड़कर रखेंगे तो ईश्वर जो अवसर दे रहा है उसका भी आनंद नहीं ले पायेंगे।

### बताया- तनाव में होने वाली बीमारियां, खुश रहें स्वस्थ रहें

शिविर में बताया गया कि खुशी दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है। यह ऐसी दौलत है जिसे आप पैसों से या किसी दुकान, मेडिकल से खरीद नहीं सकते, न ही किसी से उधार ले सकते है। खुशी को डॉक्टर दवाई भी कहते हैं क्योंकि मन के लिए खुशी दवा का काम करती है। खुशी जैसी खुराक नहीं है। मन खुश रहने से शरीर में इनडार्फिन हार्मोन निकलता है जिससे नींद अच्छी आती है, मन शांत रहता है, उमंग-उत्साह बना रहता है। पास्ट की बातों, घटनाओं, सीन को मन बुद्धि में पकड़कर रखने से अल्सर, एसीडिटी, ब्लडप्रेशर जैसी अन्य बीमारियां आ जाती है और जिससे तनाव बढ़ता है। इसीलिए सदा खुश रहे स्वस्थ रहे।

### मनाया खुशियों का उत्सव जब तक जीना है खुश रहना है

शिविर के अंतिम चरण में 'खुशियों के उत्सव' के रूप में मनाते हुए सदा खुश रहने के लिए सभी को खुशी का इंजेक्शन (मंत्र) दिया गया। जिसमें खुद के लिए कहा गया कि "मैं खुशियों के सागर परमात्मा की संतान हूं। खुशियों के खजाने का मालिक हूं। जब तक जीना है खुश रहना ही है'' न किसी को दुख देना है और नही किसी से दुख लेना है, हर परिस्थिति में खुश ही रहना है।


### कराया दृढ़ संकल्प, खुश रहकर बांटेंगे खुशी

दुनियां में सब चीज बांटने से कम होती है लेकिन प्रेम खुशी बांटने से बढ़ती है इसलिए हम "सदा खुश रहेंगे और खुशी बाँटेंगे'' का संकल्प दिलाया गया। क्योंकि खुशी बाँटने से बढ़ती है। यह शिविर 11 जून तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से 8:30 बजे तक सभी के लिए निःशुल्क आयोजित किया गया है।

## धर्म लाइव

# गुरु घासीदास की हुई महाआरती भजन में किया बाबा का गुणगान

**भिलाई।** जामुल के समीपस्थ ग्राम खेदामार में सतनामी समाज दवरा समाज के गुरु घासीदास बाबा की महाआरती और पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बजारे बंजारे उपस्थित थी। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती बजारे बंजारे और ग्रामीणों द्वारा मिलकर विधि-विधान से स्तंभ की पूजा कर बाबा घासीदास की प्रतिमा और तैल्यचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर विधि-विधान से पूजन के बाद सामूहिक महाआरती की गई। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भरत लाल गेंड्रे ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बाबा के भजन व भक्ति गीत मंडली द्वारा गाए गए, साथ ही नाचा ग्रुप ने पंथी नृत्यों की भी प्रस्तुति कर बाबा घासीदास का गुणगान किया। इस अवसर पर दुर्ग जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, ग्राम सरपंच अनिल बंजारे, पंच और ग्रामीणों सहित आसपास के लोग काफी संख्या में उपस्थित थे। अंत में प्रसाद का वितरण भी किया गया।



## जागरुकता...

# पॉलीथीन मुक्त करने 90 साल की वृद्धा ने फल खरीद रही महिला को दिया बैग



**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ते हुए स्वयंसिद्धा ग्रुप की महिलाओं दवरा रिसाली में प्लास्टिक मुक्त करने अभियान चलाया गया। पर्यावरण दिवस के एक दिन पहले लोगो को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संस्था की सदस्याओं द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान 90 वर्ष की वृद्ध महिला जानकी देवी ने वन टाइम यूज कैरी बैग उपयोग नहीं करने संदेश दिया। उन्होंने फल खरीद रही महिला को प्लास्टिक का कैरी बैग उपयोग न करने अपने पास से कपड़े का कैरी बैग देते हुए घर से हमेंशा थैला लेकर निकलने की समझाइश दी। अभियान के दौरान स्वयंसिद्धा की महिलाओं ने सोनाली चक्रवर्ती के नेतृत्व में जागरूकता लाने कृष्णा टॉकिज रोड पर रैली निकाली। इस अवसर पर रिसाली निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने कहा पर्यावरण संतुलन के लिए वन टाइम यूज पालीथीन का प्रतिबंध करना आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए कड़े प्रावधान भी है। अब जरूरत है तो केवल जागरूकता लाने की। अभियान की शुरूआत महिलाओं से इसलिए आवश्यक है कि अधिकांश महिलाएं बाजार-हाट करती है। अगर वे अपनी आदत में बैग का उपयोग करना सीख जाती है तो परिवार का हर सद्स्य इसका अनुकरण करेगा। लोगो को जागरुक करने विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती और स्वयंसिद्धा के सद्स्यों दवरा यह अभियान पूरे सप्ताह भर चलाया जाएगा। अभियान में डिगेश्वरी चंद्राकर, गोपाल सिन्हा, बृजेन्द्र परिहार, पी.आई.यू. विजय कश्यप, एन.एल.यू.एम. की अरूणा धृतलहरे, आइरा आनंद आदि शामिल थी।

**महिलाओं को घर से बाहर जाते समय थैला लेकर निकलने की दी समझाइश**

**निकाली रैली, बांटे थैले** : स्वयंसिद्धा की महिला सद्स्यों ने शाम कृष्णा टॉकिज रोड पर संचालित दुकानों तक पहुंची। उन्होंने दुकानदारों से निवेदन किया कि पालीथीन बैग न दे। वही ग्राहकों के हाथों में कपड़े का थैला थमाया। नगर पालिक निगम रिसाली के इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। उन्होंने कृष्णा टॉकिज रोड में रैली निकाली। हाथों में तख्ती लेकर बैग का उपयोग करने संदेश दी।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जनजागरुकता

# प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रदर्शनी में दिखाया तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोदग्राम कोनारी में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम द्वारा ग्रामीण समुदाय में तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान पोस्टर प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी रॉलिक बेंजामिन दास ने की। मुख्य वक्ता सामाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. भूमिका मिश्रा ने वैज्ञानिक तथ्यों और आंकड़ों के माध्यम से तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों को समझाते हुए बताया कि तंबाकू न केवल कैंसर, हृदय रोग और सांस लेने संबंधी समस्याओं का कारण है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक रूप से भी परिवारों को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि तंबाकू त्यागने के लिए परामर्श और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ लेना चाहिए।

कार्यक्रम में डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. सीमा द्विवेदी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रौनिका वाणी ने भी अपने विचार व्यक्त किए और ग्रामवासियों से स्वस्थ आदतें अपनाने अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजकों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के जनहितकारी अभियान नियमित रूप से जारी रखे जाएंगे।

**भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में हुआ आयोजन**

## स्पोर्ट्स इवेंट

# वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 स्पर्धा के लिए निशा का हुआ चयन




**भिलाई।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन तथा महाराष्ट्र बॉडी बिल्डिंग एशोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एशिया एवं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशीप में भाग लेने के लिए दुर्ग की निशा भोयर अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी वूमेंस एथलेटिक्स फिजिक एशिया का चयन किया गया है। भारतीय टीम का सलेक्स ट्रायल 2 से 3 जून को सिल्वर पैलैस, पुणे महाराष्ट्रा में आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के महिला खिलाड़ी आभा कुजूर राष्ट्रीय खिलाड़ी का चयन वूमेंस वेलनेस फिजिक मॉडल में एशिया एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप और दुर्ग की निशा भोयर अंतराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी वूमेंस एथलेटिक्स फिजिक एशिया एवं वर्ल्ड चैंपियनशिप सहित पुरुष खिलाड़ी में मुकेश कुमार गुप्ता कोरबा राष्ट्रीय खिलाड़ी का चयन स्पोर्ट्स फिजिक के लिए वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए किया गया है।

■ पहली बार भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ राज्य से तीन खिलाड़ियों का चयन

इस चयन प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के कुल 185 खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रतियोगियों में निर्णायक के रूप में अरविंद सिंह दुर्ग, महेंद्र टेकाम बेमेतरा एवं बी राजशेखर राव रेलवे ने भाग लिया और निर्णायक के रूप में भारतीय टीम के लिए बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ राज्य के इतिहास में पहली बार तीन खिलाड़ियों का चयन अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एशोसिएशन के संरक्षक नवीन सिंह, संचालक अवधेश कुमार त्रिवेदी, संयोजक नवीन पटेल, कोषाध्यक्ष तुलसी सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, पी.सोलोमन, जुबेर, नाहिद अख्तर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सुभाष कुमार, देवेंद्र राठौर, हिरेंद्र क्षत्रिय, सुमीत, इजारदार अमित बंछोर, श्रीनू, जय वर्मा, द्वारका सुलाखे, संजय ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## संस्कृत दिवस पर होंगे अनेक कार्यक्रम, शिक्षक होंगे सम्मानित

# संस्कृत मित्रमंडल का अधिवेशन 24 और 25 अगस्त को, संस्कृत गीत, सुलेख और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। संस्कृत शिक्षकों की पंजीकृत संस्था संस्कृत मित्रमंडलम् द्वारा गोष्ठी व परिचर्चा का का आयोजन किया गया। इस दौरान दो दिवसीय संस्कृत मित्रमंडलम् का अधिवेशन 23 और 24 अगस्त को आयोजित किये जाने पर चर्चा की गई। इस दौरान संस्था द्वारा संस्कृत में सुलेख, निबंध, पोस्टर और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत मित्रमंडलम् की प्रथम अध्यक्ष आभा चौरसिया का स्वागत कर मंगलाचरण के बाद गोष्ठी व परिचर्चा की शुरु हुई। संस्कृत मित्रमंडलम् संस्था संस्कृत शिक्षकों, संस्कृत छात्रों को प्रतिवर्ष सम्मानित करती है। संस्कृत से जुड़े अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करती है।




### संस्कृत के साथ संस्कार और संस्कृति जुड़ी हुई है

इस अवसर पर अध्यक्ष आभा चौरसिया ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम अपने कार्यक्रमों को पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष रूप से व्यवस्थित ढंग से आयोजित करेंगे। इसके लिए हमें सदस्यों की सक्रिय सहभागिता की आवश्यकता है। कार्यक्रमों का आयोजन जन सहयोग से किया जाएगा। महासचिव डॉ. अजय आर्य ने कहा कि संस्कृत को सिर्फ भाषा या विषय नहीं समझना चाहिए। युग और समय कितना भी बदल जाए संस्कृत हमेशा सामयिक रहेगी क्योंकि संस्कृत के साथ संस्कार और संस्कृति जुड़ी हुई है। संस्कार और संस्कृति के बिना न तो हमारा अस्तित्व रहेगा और न ही हमारी कोई पहचान। इसीलिए जन-जन तक संस्कृत भाषा और उसके संदेश को पहुँचाने की जिम्मेदारी हम सभी संस्कृत शिक्षकों की है। हमें दृढ़ संकल्प के साथ हीन भावना को दूर करना है।

### विद्यार्थियों के लिए होगी संस्कृत गीत स्पर्धा

अनुपमा उपाध्याय ने चर्चा का सारांश प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिताएं दो वर्गों में आयोजित की जाएगी एक छठवीं से आठवीं और दूसरी नौवीं से 12वीं तक इन दो वर्गों के लिए संस्कृत में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, संस्कृत सुलेख प्रतियोगिता, संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दुर्ग भिलाई के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृत गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आभा चौरसिया डीपीएस दुर्ग, डा. अजय आर्य के वि दुर्ग, अनुपमा उपाध्याय, आशा यादव, संस्कृत शिक्षिका, अनिता शुक्ला, शीला लाकुड़कर, प्रीति भट्ट अमित कुमार मिश्र, पंकज कुमार सोनी सहित अन्य संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सेंट्रल जोन और नार्थ जोन ने जीते अपने-अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर/अंडर-23 टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मैच हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम सेंट्रल जोन ने ईस्ट जोन के विरुद्ध 31 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल जोन ने 4 विकेट पर 127 रन, मनप्रीत कौर गिल ने नॉट आउट 41 रन, कुमुद साहू ने 27 रन और मानश्रीमौर्य ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की राधिका नेताम, तान्या बेरिया एवं रवीना साहू ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 9 विकेट पर 96 रन बनाए। जिसमें रूमा दास ने 27 रन, मानसी उपाध्याय ने 18 रन और राधिका नेताम ने 15 रन बनाएष। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की वीरता चौहान एवं योगिता लहरे ने दो-दो विकेट, मोनिका ढीमर, गरिमा मानिक एवं मनप्रीत कौर गिल ने एक-एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 टीम नॉर्थ जोन ने साउथ जोन के विरुद्ध 28 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट पर 114 रन बनाए। जिसमें ईशा भारती देवांगन ने 40 रन और हरप्रीत कौर कलसी ने 37 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की प्रांशु प्रिया, पल्लवी वर्मा और ऐश्वर्या सिंह ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में साउथ जोन की टीम 86 रन पर आउट हुई। सृष्टि शर्मा ने 24 रन, मिताली शर्मा, ऐश्वर्या सिंह एवं प्रांशु प्रिया ने 13-13 रन बनाएं। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन दीपमाला मिंज ने तीन विकेट, उर्मिला हरिना ने दो विकेट, प्रतिज्ञा सिंह एवं किरण वर्मा ने एक-एक विकेट लिए।

### क्रिकेट प्रशिक्षण में हुआ दोस्ताना मुकाबला



**दुर्ग।** सनशाइन क्रिकेट एकेडमी द्वारा दुर्ग के नेशनल हाई स्कूल मैदान में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत क्लब के स्थायी प्रशिक्षणार्थियों को दो भागों में बांटकर फ्रेंडली टुर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें आपस में तीन तीन मैच खेलकर अपने प्रदर्शन का कौशल दिखाया। सनशाइन क्रिकेट एकेडमी द्वारा 15 अप्रैल से क्रिकेट का यह नियमित प्रशिक्षण स्थानीय नेशनल हाई स्कूल मैदान पर दिया जा रहा है। जिसमे स्थानीय उभरते हुए खिलाड़ी खेल का लुत्फ उठा रहे है। इसी कड़ी में क्लब के स्थायी प्रशिक्षणार्थियों को दो भाग में बांटकर फ्रैंडली टुर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमे आपस में तीन-तीन मैच खेलकर अपने प्रदर्शन का कौशल दिखाया। जिसने सनशाइन हीटर और सनशाइन ब्लास्टर के बीच फायनल मैच खेला गया। जिसमें पहले सनशाइन ब्लास्टर की टीम बल्लेबाजी करते हुए 23 ओवर में 136 बनाकर ऑल आउट हो गई। इनमें नैतिक निर्मलकर ने 26 रन, शार्य ओगरे ने 28 रन, सूर्यांश ने 10 रन और अंकित ने 10 रन बनाए। वही गेंदबाजी करते हुए उमर मिर्ज़ा ने 3 विकेट, दानिश ने 3 विकेट और अंश शर्मा ने 2 विकेट लिए। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए सनशाइन हीटर से 6 विकिट खो कर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस प्रकार विजेता घोषित हुए। जिसने लव ने 27 रन, गोयल ने 18 रन, दनेश ने 18 रन और करण ने 15 रन बनाये। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि दिलीप इंगले, जिला शिक्षण समिति सचिव दुर्ग ने खिलाड़ियों को अनुशासन में रहने और कड़ी मेहनत करने कि शिक्षा दी। इस आयोजन में फरदीन हुसैन, फैजान, सैय्यद अब्दुल्लाह और सुरेन्द्र साहू सहित अन्य लोगों का योगदान रहा। संचालन मिनहाज ने किया।

### एशियाई रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट राजधानी में जारी



**रायपुर।** राजधानी में इंटरनेशनल टेनिस अकादमी में 30 मई से 7 जून तक आयोजित एशियाई रैंकिंग जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में भारत, चीन और जापान के कुल 68 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ और छत्तीसगढ़ सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मिलकर आयोजित किया किया जा रहा है। परिणाम में बालक एकल क्वार्टरफाइनल के अंतर्गत नमन बोरा पराजित,आदित्य वाडकर 6-4, 6-2,दैविक कल्वाकुंटा पराजित,हरिहरन महामुनि 6-0 6-1,सुयश पटनायक पराजित,प्रणव गायकवाड़ 6-4 6-3,सत्य पार्थिव चिंतागुंटा पराजित,मानव पटेल 6- 4 6-2,परिणाम गर्ल्स सिंगल्स राउंड ऑफ़ 16,कृषिका गौतम पराजित, ऋतिका देशपांडे 6-1, 6-0,परिणिता वट्टाप्रम्बिल पराजित,नायशा छिल्लर 6-0, 6-4,एस सूर्यवंशी पराजित,सुरमयी साठे 6-1, 6-1,इशिता श्रीयाला पराजित,राजू सानवी 3-6 रिटायर, रिद्धिमा मलिक पराजित,जाह्नवी शॉ 6-1, 3-6, 6-4,सातवी मर्दानिया ने सुमित शुभी को 6-4, 6-4 से हराया,संचयन दास पराजित,राघवी जाजू 6-1, 6-1, एसके शाज़फ़ा पराजित और शरण्या सावंत 6-2 6-2 शामिल हैं।

## अभिजात्य वर्ग में तेजी से बढ़ रहा विटामिन पैच का इस्तेमाल

# सप्लीमेंट पसंद नहीं तो आप इस्तेमाल कर सकते हैं विटामिन पैच, जान लीजिए इसका असर और तरीका

आजकल बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की भरमार है। फल, सब्जियां, दूध, अंडे और अनाज भी इससे अछूते नहीं है। सभी में मिलावट और रसायन शामिल हैं, जो शरीर में जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की पूर्ति ही नहीं होने देते। इस कारण आप और आपके परिवार के अन्य सदस्य बार-बार बीमार पड़ते रहते हैं। बच्चों की नजर कम उम्र में ही कमजोर हो रही है। एनीमिया, थकान, कमजोरी, हड्डियों की समस्याएं, त्वचा रोग और तंत्रिका संबंधी विकार होने लगे हैं। आप डॉक्टर से बात करती हैं। वह शरीर में पोषक तत्वों की कमी को इसका कारण बताते हैं और आपको सप्लीमेंट लेने की सलाह देते हैं। लेकिन बच्चों और आपको सप्लीमेंट लेना पसंद नहीं। ऐसे में आप विटामिन पैच का उपयोग कर सकती हैं।





### बेहतर विकल्प

विटामिन पैच शरीर में विटामिन, कैल्शियम और अन्य मिनरल पहुंचाने का बेहतर माध्यम है। यदि आपके शरीर में विटामिन की कमी जांची गई है और आप डाइट से इस कमी को पूरी नहीं कर पा रही हैं, यानी कि आपका शरीर खाने से पर्याप्त मात्रा में विटामिन अवशोषित नहीं कर पा रहा है तो आपको विटामिन सप्लीमेंट लेने की सलाह दी जाती है। लेकिन सप्लीमेंट्स आपको रास नहीं आते। हफ्ते भर आप इसका सेवन करती हैं और फिर छोड़ देती हैं, जिस वजह से यह कमी ऐसे ही बनी रहती है। ऐसे में आप विटामिन पैच का इस्तेमाल करें। विटामिन पैच के जरिए डाइट में मामूली बदलाव करने के साथ ही शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति की जा सकती है।



# घर में लगाने जा रहे हैं तुलसी का पौधा तो जान लें वास्तु के ये नियम

तुलसी के पौधे को घर में लगाने के कुछ वास्तु नियम हैं, जिसका पालन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी के पौधे को माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। आइए तुलसी के पौधे के इन नियमों के बारे में जानते हैं। तुलसी का पौधा हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार भी इसका विशेष महत्व है, क्योंकि इसे घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि लाने वाला माना जाता है। इसे साक्षात माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, इसलिए इसकी सही दिशा और देखभाल घर में सुख-शांति लाती है। वास्तु के नियमानुसार, तुलसी के पौधे को हमेशा साफ-सुथरा रखें और इसके पास कभी भी झाड़, जूते या कूड़ादान नहीं रखना चाहिए। साथ ही तुलसी के पौधे को सही दिशा और सही तरीके से लगाना जरूरी है, ताकि इसके पूरे लाभ मिल सकें। आइए जानते हैं वास्तु के वो नियम, जो तुलसी के पौधे को घर में लगाते समय ध्यान में रखने चाहिए।

### सही दिशा का चयन करें

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी का पौधा घर की उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना सबसे शुभ माना जाता है। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र है और इसे ईशान कोण कहा जाता है। इस दिशा में तुलसी लगाने से घर में सुख-समृद्धि आती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। अगर उत्तर-पूर्व दिशा में जगह न हो, तो पूर्व दिशा भी एक अच्छा विकल्प है।



### तुलसी के पौधे की देखभाल

वास्तु के अनुसार, तुलसी का पौधा हमेशा साफ और स्वस्थ होना चाहिए। मुरझाया हुआ या सूखा पौधा नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसलिए, नियमित रूप से पौधे की देखभाल करें, उसे पानी दें और सूखे पत्तों को हटाएं। तुलसी को गमले में लगाएं और इसे जमीन से थोड़ा ऊंचा रखें, ताकि यह आसानी से सूर्य की रोशनी प्राप्त कर सके।

### तुलसी की पूजा और वास्तु नियम

वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी की पूजा रोजाना करनी चाहिए। सुबह स्नान के बाद तुलसी को जल अर्पित करें और घी का दीपक जलाएं। ॅ॰ नमो भगवते वासुदेवाय॰ मंत्र का जाप करते हुए परिक्रमा करें।

### एकादशी तिथि न करें ये काम

रविवार और एकादशी तिथि को तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचें, क्योंकि यह अशुभ माना जाता है। वास्तु में यह भी सलाह दी जाती है कि तुलसी के पौधे को घर की मुख्य दहलीज से दूर रखें, ताकि ऊर्जा का प्रवाह बाधित न हो।

# घर पर तैयार करें चीज, कम खर्च में पा लेंगे सेहत का खजाना

आजकल के युवाओं में चीज को लेकर काफी क्रेज है। बाजार में मिलने वाले पिज्जा से लेकर घर पर पर बनने वाले पराठे तक में लोग चीज का इस्तेमाल करके उसका स्वाद बढ़ा लेते हैं। दूध से बनने वाला ये चीज खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। इसके इस्तेमाल से कई पकवान बनते हैं, जो बड़ों से लेकर बच्चों तक को काफी पसंद आते हैं।



बाजार में मिलने वाला चीज काफी महंगा आता है, इसलिए लोग इसे ज्यादा नहीं खरीद पाते। इसमें कई प्रकार के केमिकल्स भी मिले होते हैं, जो स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। इसी के चलते आज हम आपको यहां घर पर ही चीज बनाने का आसान तरीका बताएंगे, ताकि आप कम पैसे में ज्यादा और फ्रेश चीज तैयार कर सकें। घर पर चीज बनाने के सामान में दूध 1 लीटर (फुल क्रीम) सिरका या नींबू का रस होना चाहिए।

### चीज बनाने की विधि

घर पर चीज बनाना चाहते हैं तो पहले ये ध्यान दे लें कि इसे बनाने के लिए जो दूध खरीदें वो फुल क्रीम हों। यदि दूध फुल क्रीम नहीं होगा तो चीज ज्यादा अच्छा नहीं बनेगा। अब दूध लेने के बाद उसे मध्यम आंच पर गर्म करें। एक गहरे बर्तन में दूध को मध्यम आंच पर गरम करें। जब दूध में उबाल आने लगे तो गैस को एक दम धीमा कर दें। धीमी गैस पर अब धीरे-धीरे सिरका या नींबू का रस डालते जाएं और चम्मच से दूध चलाते रहें। सिरका या नींबू डालते समय आपको दूध को को लगातार चलाना है। इसके इस्तेमाल से कुछ ही देर में दूध फटने लगेगा, जिसके बाद छेना और पानी अलग हो जाएगा। इसे एक मलमल के कपड़े में बांधकर निचोड़ लें। जब इसका पानी सही से सूख जाए तो एक बाउल में गर्म पानी लें और इसमें 1 चम्मच नमक डालें। इसके बाद 2-3 मिनट के लिए इसे गर्म पानी में रखें।



# महिलाएं रोज करें अलग-अलग तरह की वॉक सेहत रहेगी दुरुस्त और तेजी से घटेगा मोटापा

महिलाओं को सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी रूटीन को अपनाना चाहिए। अक्सर महिलाओं को शिकायत रहती है कि घर के काम और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच, फिटनेस के लिए टाइम ही नहीं मिल पाता है। लेकिन, असल में आपको फिटनेस के लिए बहुत वक्त नहीं निकालना है। दिनभर के कामों के बीच थोड़ा ध्यान भी अगर आप अपनी सेहत पर देंगी और रूटीन में कुछ खास चीजों को शामिल करेंगी, तो वजन भी मेंटेन रहेगा और सेहत भी दुरुस्त होगी। क्या आपको पता है कि महिलाओं को रोजाना 3 तरह की वॉक जरूर करनी चाहिए। इससे सेहत को कई फायदे मिल सकते हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

एक्सपर्ट का कहना है कि महिलाओं को रोजाना कम से कम 1000 कदम जरूर चलना चाहिए।आप सुबह,शाम या रात में किसी भी समय वॉक जरूर करें।लंच के बाद या डिनर के बाद वॉक करना भी फायदेमंद रहता है।इससे वजन कम होता है, हार्ट हेल्थ दुरुस्त होती है और शरीर भी एक्टिव रहता है।डेली वॉक करने से दिल की बीमारियों को जोखिम भी कम होता है।रोजाना वॉक करने से डाइजेशन भी दुरुस्त रहता है और नींद अच्छी आती है।इससे इम्यूनिटी में भी सुधार होती है और चेहरे पर निखार आता है।



### मलासन में वॉक करें

मलासन में वॉक करना भी महिलाओं के लिए काफी फायदेमंद रहता है।इसके लिए सबसे पहले सीधी खड़ी हो जाएं।अब दोनों पैरों को एक-दूसरे से थोड़ा दूर रखें।स्क्वाट की पोजिशन में आ जाएं।आपको घुटनों को मोड़कर हिप्स की जमीन की तरफ लाना है।इस समय पर बैकबोन को एकदम सीधा रखें।अब इस पोजिशन को होल्ड करें।आप दोनों हाथों को जोड़कर प्रणाम करने वाली पोजिशन में ला सकती हैं।इसके बाद इसी पोजिशन में एक पैर को और फिर दूसरे पैर को आगे बढ़ाएं।अब इसी तरह कुछ देर चलने की कोशिश करें।मलासन में वॉक करने से कब्ज दूर होती है और पेट रोज सुबह आसानी से साफ होता है।रोजाना ऐसा करने से बेली फैट भी धीरे-धीरे कम होता जाएगा।इससे पेल्विक मसल्स मजबूत होती हैं और पीरियड्स के दिनों में होने वाली मुश्किलें भी दूर होती हैं। ब्रिस्क वॉकिंग काफी फायदेमंद होती है। अगर आप रोजाना 20 मिनट वॉक करती हैं, तो इससे कैलोरीज तेजी से बर्न होती हैं। ब्रिस्क वॉक में आपको तेजी से चलना होता ताकि शरीर के सभी अंगों में स्ट्रेच पैदा हो सके।,इसे करते वक्त स्पोर्ट्स शूज जरूर पहनें और अपनी वॉक करने की स्पीड को धीरे-धीरे बढ़ाएं। तेजी से चलने से वजन कम होता है। इससे स्ट्रेस कम होता है और बीपी कंट्रोल में रहता है।

### राष्ट्रीय ओपन स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम घोषित

**रायपुर।** आगामी 5 और 6 जुलाई को मथुरा में होने वाले राष्ट्रीय ओपन स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप के लिए बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर में चयन प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें टीम के कप्तान लव सिंह और वासुदेव के साथ महिला दल की कमान तनाज को सौंपी गई। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में कुल 40 खिलाड़ी उपस्थित थे। जिसमें 15 महिला खिलाड़ी शामिल थी। चयनकर्ता के रूप में डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के डीन डॉ शंकर यादव, बिलासा कन्या महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ सुरेश पवार, फेडरेशन की कोषाध्यक्ष डॉ शाज़िया अली, कोच मनीष मुखर्जी की उपस्थिति में चयन किया गया है।

कार्नर न्यूज

## इस नए चलन के बारे में जानिए सब कुछ

# नौजवान जोड़े तेजी से अपना रहे बेबीमून का रास्ता बच्चे के जन्म से पहले साथ वक्त बिताने का नया ट्रेंड

बेबीमून कपल के लिए एक खूबसूरत अनुभव है जो माता पिता बनने के उनके भावनात्मक सफर को और खास बना देता है। आइए जानते हैं बेबीमून इतना ज्यादा लोकप्रिय क्यों हो रहा है। हनीमून के बाद बेबीमून पर जाने की क्या जरूरत होती है और बेबीमून पर जाने का सही समय क्या है।

शादी के बाद हनीमून का चलन काफी तेजी से बढ़ा है। लोग अपने पार्टनर संग वक्त बिताने, एक दूसरे को समझने और शादी -समारोह की थकावट दूर करने के लिए घूमने जाते हैं जिसे हनीमून कहते हैं लेकिन अब एक नया ट्रेंड भी कपल के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसका नाम है बेबीमून।

बेबीमून शब्द बेबी और हनीमून का मिश्रण है। इसका मतलब है बच्चे के जन्म से पहले माता-पिता द्वारा एक छोटा सा ट्रिप या छुट्टियां बिताना। यह कपल के लिए दूसरे हनीमून की तरह ही होता है लेकिन डिलीवरी से पहले कपल के लिए सेलिब्रेशन का एक खास मौका होता है। इस दौरान महिला को आरामदायक और रोमांटिक माहौल देकर उसे खास महसूस कराया जाता है। बेबीमून कपल के लिए एक खूबसूरत अनुभव है जो माता पिता बनने के उनके भावनात्मक सफर को और



खास बना देता है।

इस लेख में जानते हैं कि बेबीमून इतना ज्यादा लोकप्रिय क्यों हो रहा है। हनीमून के बाद बेबीमून पर जाने की क्या जरूरत होती है और बेबीमून पर जाने का सही समय क्या है।

### क्या है बेबीमून?

बेबीमून एक ऐसी छुट्टी होती है जिसे कपल्स बच्चे के आने से पहले रिलैक्स करने, एक-दूसरे के साथ अकेले खास वक्त बिताने और आने वाले जीवन में बदलावों के लिए मानसिक रूप से तैयार होने के लिए लेते हैं। यह बच्चे के जन्म से पहले कपल का सेकेंड हनीमून जैसा होता है।

### क्यों बढ़ रही बेबीमून की लोकप्रियता?



बेबीमून व्यस्त और कामकाजी जीवन से ब्रेक का मौका देता है। आजकल की जीवनशैली में लोग हर वक्त व्यस्त रहते हैं। ऐसे में बेबीमून कपल के लिए एक ब्रेक की तरह होता है।

इस छुट्टियों में आप माता-पिता बनने की तैयारी कर सकते हैं। यह वह समय होता है जिसे वह एक दूसरे के साथ बिताकर भावनात्मक रूप से मजबूत होते हैं।

बच्चे के आने के बाद जीवन काफी व्यस्त हो जाता है। कपल की लाइफ में और रिश्ते में कई बड़े बदलाव होते हैं। ऐसे में बेबीमून उन खास पलों को संजोने या यादगार पल बनाने का मौका देता है।

### बेबीमून पर कब जाना चाहिए?

बेबीमून पर जाने की योजना बना रहे हैं तो गर्भवती के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए दूसरी तिमाही के दौरान यात्रा पर जाएं। इस अवधि में महिला का स्वास्थ्य अपेक्षाकृत बेहतर होता है।। इस दौरान गर्भवती प्रेगनेंसी के 14 से 28 सप्ताह के बीच बेहतर महसूस करती हैं। वहीं गर्भावस्था के 37वें सप्ताह में यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## गोलियों से छलनी मिली हॉलीवुड एक्टर की लाश, पड़ोसी से हुई थी अनबन




हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है।

59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार एक जून की शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान 37 साल के सिगफ्रेडो अल्वारेज-सेगा के रूप में हुई है। फायरिंग के बाद वो अपनी गाड़ी से फरार हो गया, लेकिन कुछ ही दूरी पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अब उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी जमानत राशि दो लाख डॉलर यानी करीब 1 करोड़ 70 लाख तय की गई है। जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचीं और जोनाथन को बचाने की हर कोशिश की गई, लेकिन गहरी चोटों के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। चश्मदीदों का कहना है कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था, हालांकि गोली चलाने की असल वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। बता दें जोनाथन जोस का करियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।

### टॉलीवुड

## कमल हासन को हाईकोर्ट से झटका कर्नाटक में रिलीज नहीं होगी 'ठग लाइफ'



कन्नड़ भाषा को लेकर दिए गए कमल हासन के बयान पर अब मामला बढ़ता जा रहा है। अपने बयान पर माफी न मांगना कमल हासन को महंगा साबित हुआ है। जिसका खामियाजा उनकी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' को उठाना पड़ा है। फिल्म 'ठग लाइफ' 5 जून को कर्नाटक में रिलीज नहीं हुई। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक फिल्म के कर्नाटक में रिलीज पर रोक लगा दी है।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आज कहा कि कमल हासन के कन्नड़ भाषा पर दिए गए बयान से राज्य में अशांति फैल गई है। कर्नाटक में फिल्म 'ठग लाइफ' की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करने वाले अभिनेता की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने यह टिप्पणी की और सुनवाई 10 जून तक के लिए स्थगित कर दी। ऐसे में अब फिल्म फिलहाल 10 जून तक कर्नाटक में रिलीज नहीं हो सकेगी। फिल्म पहले 5 जून को रिलीज होने वाली थी। रिपोर्ट के मुताबिक, कमल हासन ने कर्नाटक में 'ठग लाइफ' की रिलीज को रोकने पर सहमति जताई। कन्नड़ समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप वाली कमल हासन की टिप्पणी के बाद हाईकोर्ट ने ये फैसला किया है। अपने बयान पर माफी मांगने से इंकार करते हुए अभिनेता ने कहा कि उनके मन में कोई दुर्भावना नहीं थी और न ही किसी दुर्भावना से उन्होंने वो टिप्पणी की। कमल हासन ने फिल्म चैंबर के साथ बातचीत करने का प्रस्ताव रखा। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की बेंच ने यह फैसला किया है। यह मामला 'ठग लाइफ' के ऑडियो रिलीज के दौरान कमल हासन के दिए गए एक बयान से पैदा हुआ है। लंच से पहले की सुनवाई में हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से कमल हासन को अपने बयान के लिए माफी मांगने को कहा था।

### भोजपुरी

## 'चंद्रकांता' का ट्रेलर देख लोग बोले- बदल रहा भोजपुरी सिनेमा



यश कुमार की नई भोजपुरी फिल्म 'चंद्रकांता' का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म में आपको सब कुछ देखने को मिलेगा। सस्पेंस, रोमांस से लेकर इमोशंस तक, जिसे आप फैमिली के साथ बैठकर देख सकते हैं। फैंस फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार एक बार फिर से दर्शकों के दिलों पर राज करने के लिए तैयार हैं। उनकी मोस्ट अवेटेड मूवी 'चंद्रकांता' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर ने आते ही दर्शकों के बीच रोमांच और कौतूहल बढ़ा दिया है। इसमें सस्पेंस, रोमांस, तिलस्म और पारिवारिक भावनाओं का अनोखा संगम दिखाई दे रहा है। फैंस दावा कर रहे हैं कि पहली बार भोजपुरी सिनेमा में इस तरह की कोई फिल्म आ रही है।

फिल्म की कहानी एक रहस्यमयी गांव से शुरू होती है, जहां के जंगल में एक खूबसूरत लेकिन खतरनाक परी (सपना चौहान) रहती है। मान्यता है कि जिसे यह परी देख लेती है, उसकी मौत निश्चित हो जाती है। इसी रहस्य से जुड़ी है यश कुमार के किरदार की कहानी, जिसे परी से बचाने के लिए घर से दूर भेज दिया जाता है। लेकिन जब वह लौटता है और अपनी नई जिंदगी शुरू करता है, तब एक दिन परी को देखने की जिज्ञासा उसे जंगल की ओर ले जाती है और यहीं से शुरू होता है फिल्म का असली तिलिस्मी रोमांच।

### समर में लिनन




लिनन कॉटन से बना फैब्रिक बहुत हल्का होता है। इसलिए समर में इसे पहनने से आपको ज्यादा गर्मी महसूस नहीं होगी साथ यह भी कॉटन की तरह ही पसीना सोखने में भी असरदार भी होता है। जिससे बॉडी में घमौरी, दाने जैसी परेशानी नहीं होती है। इन वजहों से समर में लिनन की काफी डिमांड रहती है।

## बालों को ऐसे स्टाइल करेंगी तो गर्मी से बची रहेंगी आप, इस मौसम में मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में हर लड़की के सामने एक बड़ी मुश्किल होती है कि अपने बालों को कैसे स्टाइल करें। उन्हें अक्सर ये समझ नहीं आता कि वो अपने बालों को किस तरह से स्टाइल करें, जिससे उनका लुक भी अच्छा दिखे और उन्हें गर्मी भी न लगे। यहां हम आपकी इसी परेशानी का हल लेकर आए हैं। हम आपको बताएंगे और दिखाएंगे कुछ ऐसी आसान हेयर स्टाइल, जिसको आप आसानी से अपने बालों में बना सकते हैं। खास बात ये है कि इसके लिए आपको कुछ मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### ब्रेड विद एक्सेसरीज

यदि आपको कहीं जाना है तो सिंपल की स्लीक ब्रेड यानी कि चोटी बनाकर उसमें खूबसूरत की हेयर एक्सेसरीज एड करें। जैसे आजकल बारिश का मौसम है, तो आप तितली वाली ऐसी ही एक्सेसरीज अपनी चोटी में एड कर सकती हैं। चाहें तो इसी चोटी से आप बन भी तैयार कर सकती हैं।

### स्लीक बन

युवा लड़कियों को ऐसा स्लीक बन काफी पसंद आता है। ऐसे में आप इस तरह का स्लीक बन भी गर्मी के मौसम में बना सकती हैं। ऐसा स्लीक बन वेस्टर्न आउटफिट पर काफी कमाल का लगता है। इसे बनाने के लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### बन विद गजरा

यदि किसी पूजा-पाठ या फिर शादी-विवाह में जाना है तो स्लीक बन बनाकर उसमें गजरा एड करें। गजरे की वजह से खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। अगर ये गजरा असली फूलों का होगा, तब ज्यादा अच्छा रहेगा। इसमें से खुशबू भी आएगी, जो आपकी खूबसूरती को बढ़ा देगी। ऐसी हेयर स्टाइल के साथ यदि एथनिक वियर पहना है, तो माथे पर बिंदी अवश्य लगाएं।

## इस बकरीद फैशन का बिखेरें जलवा, पहनें ट्रेंडी आउटफिट





इस्लाम धर्म के लोगों के लिए ईद उल अजहा का त्योहार काफी अहम माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, ईद उल अजहा जिल हिज्जा महीने की 10वीं तारीख को मनाई जाती है। इस साल 7 जून को बकरीद मनाई जाएगी। ऐसे में इसकी तैयारी भी काफी दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। इस दिन लोग अल्लाह की इबादत करके दुआएं मांगते हैं।

बहुत से लोग इस दिन बकरे की कुर्बानी देते हैं, जिसे कुर्बानी के बाद गरीबों में बांटकर उनकी भूख मिटाई जाती है। कुर्बानी देने के कारण ईद उल अजहा को बकरीद भी कहा जाता है। ये दिन काफी खास होता है, इसलिए लोग नए-नए कपड़े भी पहनते हैं। हम यहां इस लेख में आपको महिलाओं के लिए कपड़ों के कुछ विकल्प दिखाएंगे, जिसे पहनकर वो स्टाइलिश के साथ खूबसूरत भी दिखेंगी।

### पहनें पारंपरिक सूट

यदि आप इस बरकीद पर अपना पारंपरिक अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कुछ और पहनने की जगह चूड़ीदार पाजयामी वाला सूट कैरी करें। यदि आप सारा अली खान के जैसा टिश्यू फैब्रिक का सूट कैरी करेंगी, तो आपका अंदाज काफी खूबसूरत दिखेगा। इसके साथ मैचिंग की ज्वेलरी पहनकर अपना लुक कंप्लीट करें, ताकि हर कोई आपको देखकर आपकी तारीफ किए बिना रह नहीं पाए।

### गरारा सूट भी लगेगा क्लासी

सबसे पहले आपके लिए ये जानना जरूरी है कि गरारा सूट, शरारा से काफी अलग होता है। गरारा सूत में घुटने तक टाइट फिटिंग होती है, और उसके बाद नीचे घेर होता है। इसलिए ऐसे गरारा सूट को अपने कलेक्शन में शामिल हैं और बकरीद पर इसे ही पहनें। यदि गरारा सूट का रंग डार्क है तो अपना मेकअप भी उसी हिसाब से करें।

### शरारा सूट भी है ट्रेंड में

कुछ ऐसा पहनने का सोच रही हैं, जो आरामदायक भी हो तो शरारा सूट कैरी करें। शरारा सूट देखने में काफी अच्छा लगता है, जिस वजह से इसे आप पूरा दिन पहने रख सकती हैं।

## सनस्क्रीन स्प्रे खरीदने का सोच रहे हैं तो इसके फायदे और नुकसान जान लें

हममे से ज्यादातर लोगों को पास क्रीम के रूप में ही सनस्क्रीन होगी, जिसका इस्तेमाल एक साधारण क्रीम की तरह ही किया जाता है। इसे हाथ में निकालना होता है, और फिर शरीर पर अप्लाई करना होता है। यदि इसे सही तरह से अप्लाई किया जाए तो सूरज की हानिकारक किरणें स्किन को डैमेज नहीं कर सकतीं।

सिर्फ सनस्क्रीन ही है, जो शरीर को सनबर्न और टैनिंग से बचाकर रखती है। इसका इस्तेमाल करना काफी आसान होता है। पर, क्या आप जानते हैं कि अब बाजार में स्प्रे वाली सनस्क्रीन भी मिलने लगी है। जिसे लगाना काफी आसान है। यदि आप भी सनस्क्रीन खरीदने का सोच रहे हैं, तो इसके फायदे और नुकसान जान लें।

### लगाने में काफी आसान

क्रीम सनस्क्रीन हम चेहरे और हाथ-पैर में तो आसानी से लगा लेते हैं, लेकिन पीठ और कमर पर इसे लगाना मुश्किल होता है। ऐसे में यदि आप स्प्रे सनस्क्रीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसे आप आसानी से अप्लाई कर सकते हैं। इसे क्रीम सनस्क्रीन की तुलना में लगाना काफी



आसान होता है।

### ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद

यदि आप स्प्रे सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपकी त्वचा चिपचिपी नहीं होगी। दरअसल, क्रीम वाली सनस्क्रीन त्वचा में चिपचिपाहट पैदा कर देती है। ऐसे में स्प्रे वाली सनस्क्रीन आपकी त्वचा को चिपचिपेपन से बचाकर रखती है।

### जल्दी करती है असर

जहां क्रीम वाली सनस्क्रीन को बाहर जाने से तकरीबन 20 मिनट पहले अप्लाई करना होता है।

## बारिश में भीगने के बाद हो रही खुजली तो ये घरेलू नुस्खे अपनाएं

वैसे तो बारिश का मौसम अपने साथ काफी खुशियां लेकर आता है, लेकिन कई बार इसी मौसम की वजह से काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी होती है उन लोगों को जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है। बारिश के इस मौसम में थोड़ा सा भी भीगने से उनकी त्वचा पर खुजली होने लगती है। यही खुजली आगे जाकर फंगल इंफेक्शन का कारण भी बन जाती है। इसी के चलते हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आप अपने घर बैठे ही बिना दवाईयों से इस खुजली से राहत पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ आसान नुस्खे आजमाने होंगे।

### नीम के पानी से नहाएं

यदि आपके घर के आस-पास कहीं नीम का पेड़ है तो उससे नहाकर आप इस खुजली को दूर कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले नीम की पत्तियों को पानी में उबाल लें। अब इस पानी को छानकर ठंडा होने दें। जब ये ठंडा हो जाए तो इसी पानी से नहाएं।



नीम में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण शरीर की खुजली को गायब कर देंगे। चाहें तो नीम के पानी को रुई की मदद से भी शरीर पर लगा सकते हैं। इससे भी आपको तत्काल राहत मिलेगी।

### एलोवेरा जेल लगाएं

यदि आपको इस खुजली से तुरंत राहत चाहिए तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करें। घर में मौजूद एलोवेरा जेल भी बारिश के गंदे पानी से होने वाली खुजली को दूर करने का काम करेगा।इसके लिए यदि आप ताजा एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करेंगे तो ये आपके लिए ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

### कार्नर न्यूज

#### मेंस फैशन में भी बालों की देखभाल एक जरूरी कदम

## अपने बालों को सेहतमंद बनाए रखने उठाएं जरूरी कदम, निखरेगी आपकी पर्सनालिटी

बात मेंस फैशन की हो तो हर कोई डैंड्रफ फ्री और सेहतमंद बाल चाहता है। लेकिन बालों को लेकर कई समस्याएं हैं। अगर आप चाहें तो हर मौसम में इस स्थिति पर नियंत्रण पा सकते हैं और उन कई कारणों को कम कर सकते हैं, जो आपके बालों को खराब करते हैं और आपको डैंड्रफ की ओर ले जाते हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इनमें से अधिकतर उपाय न केवल आसान हैं, बल्कि इनमें बहुत कम समय भी लगता है।

### हॉट ऑयल मसाज

नारियल का तेल आपकी त्वचा और बालों से संबंधित लगभग सभी समस्याओं से निपटने का एक शानदार तरीका है। हालांकि, जब बात आपके बालों और सिर की त्वचा को फिर से जीवंत करने की आती है, तो यह बिल्कुल नए स्तर पर काम करता है। नारियल तेल की गर्म मालिश न केवल आपके स्कैल्प को नमी बनाए रखने में मदद करती है, बल्कि यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में भी बहुत प्रभावी है, जो बदले में न केवल आराम देता है,



बल्कि आपकी स्किन को भी एक अच्छी वाइब देता है।

### गर्म पानी से स्नान

हम जानते हैं कि ज्यादातर लोग सर्दियों में नियमित रूप से नहाने से बचते हैं, वहीं गर्मियों में कई-कई बार नहा लेते हैं। हालांकि मौसम की परवाह किए बिना रोज नहाना आपके लिए बहुत फायदेमंद है। आप जो कर सकते हैं, वह है पानी का तापमान नियंत्रित करना। गर्म पानी या बर्फीले ठंडे पानी से स्नान करने के बजाय, पानी को सही तापमान पर सेट करने का प्रयास करें। यह न केवल आपके बालों में दिन भर जमा होने वाली अधिकांश धूल और मिट्टी को धो देता है, बल्कि यह आपकी स्किन को अधिक ब्लड सर्कुलेशन की सुविधा प्रदान करता है। और चूंकि हर दिन अपने बालों को शैम्पू या कंडीशनर करना संभव नहीं है, इसलिए नहाने से आपके बाल साफ और चमकदार बने रहते हैं।

### भाप

पुरुषों के लिए ये थोड़ा अपरंपरागत तरीका है, लेकिन जनाब स्टीम वास्तव में आपकी



खोपड़ी और बालों के लिए बहुत फायदेमंद है, अगर आप इसे सही तरीके से करते हैं। स्टीमिंग डैमेज बालों को फिर से जीवंत और ठीक करने का एक शानदार तरीका है, और यह उनमें नमी बनाए रखने में मदद करता है। बस सुनिश्चित करें कि आपके पास स्टीम को नियंत्रित करने का एक तरीका है और इसके अधिकतम प्रभाव के लिए आपने पहले अपने बालों पर तेल अवश्य लगाएं।

### शैम्पू + कंडीशनर

मौसम के मिजाज को देखते हुए शैंपू करना छोड़ना बहुत बुरा विचार है। शैंपू करने से न केवल बालों को अच्छी तरह से साफ किया जाता है, बल्कि उन्हें पोषण भी मिलता है। बस इसके लिए जरूरी है कि आप सही शैंपू चुनें। शैंपू करने से आपके स्कैल्प को मॉइस्चराइज करने में भी मदद मिल सकती है। बालों के लिए भी शैंपू का मसाज बहुत अच्छा होता है। जब आप शैंपू कर रहे हों, तो कंडीशनर का भी उपयोग करना न भूलें।